26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 8 मई, 2026

अंक- 193 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

# हर दिव्यांगजन में प्रतिभा, बस चाहिए सही अवसर और सहयोग- मुख्यमंत्री

**लखनऊ/ कानपुर ( एजेंसी/ चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान कानपुर की मूक-बधिर बच्ची खुशी की भावुक और प्रेरणादायक कहानी साझा कर पूरे सभागार को भावुक कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर दिव्यांगजन में प्रतिभा होती है, आवश्यकता केवल सही अवसर, संवेदना और सहयोग की है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले कानपुर की एक बच्ची, जो न बोल सकती थी और न सुन सकती थी, सिर्फ उनसे मिलने और अपने हाथों से बनाया चित्र भेंट करने के लिए अकेले कानपुर से लखनऊ पहुंच गई थी। इलाज के बाद आज वह बच्ची सुन भी रही है, बोल भी रही है और सामान्य जीवन की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, मुझे याद है कानपुर की एक बिटिया की कहानी। एक दिन वह बिना किसी को बताए कानपुर से पैदल लखनऊ आ गई। विधान भवन के सामने वह चुपचाप बैठ गई। वह न बोल सकती थी, न सुन सकती थी। उसने अपने हाथ से मेरा एक छोटा सा चित्र बनाकर सामने रख लिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रशिक्षित शिक्षकों ने इशारों में उससे संवाद कर उसका परिवार ढूंढा और उसे वापस कानपुर भेजा। बाद में जब उन्हें इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने बच्ची को दोबारा बुलाकर उसके इलाज की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। दरअसल, कानपुर की रहने वाली खुशी नवंबर 2025 में बिना बताए घर से निकलकर लगभग 90 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करते हुए लखनऊ पहुंच गई थी। विधान भवन के बाहर रोते हुए मिलने पर पुलिस उसे सुरक्षित थाने ले गई। जांच और चिकित्सकीय परीक्षण में सामने आया कि बच्ची को सुनने के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट की आवश्यकता है। इस ऑपरेशन पर लगभग छह से सात लाख रुपये का खर्च आना था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग और एक फाउंडेशन के सहयोग से उसके इलाज की पूरी व्यवस्था कराई गई।

## 90 किलोमीटर पैदल चलकर अकेले लखनऊ पहुंची थी कानपुर की 'खुशी'



### इलाज के बाद अब सुन भी रही, बोल भी रही

# सहारनपुर में बनेगा प्रदेश का पहला लॉजिस्टिक हब- योगी



**सहारनपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को देवबंद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सहारनपुर में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इकोनॉमिक कॉरिडोर तथा प्रदेश का पहला इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक हब विकसित किया जाएगा, जिसके लिए कार्य प्रारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और सहारनपुर औद्योगिक विकास के नए केंद्र के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि सहारनपुर के कारीगरों द्वारा तैयार की जाने वाली विश्वस्तरीय वुड कार्विंग ने जिले को नई पहचान दिलाई है।


## किरतपुर में प्लॉट बिकाऊ है

तुलाज मार्केट निकट नगीना चौराहा किरतपुर में 160 गज (30X47.5) का एक कार्मिशियल प्लॉट बिकाऊ है।

सम्पर्क करें-

9627680957


# 'फ्रूट होराइजन 2026' में यूपी के फल निर्यात को वैश्विक पहचान दिलाने पर जोर

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा उत्तर प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही और उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने 'फ्रूट होराइजन 2026' कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर 'भारतीय फल मूल्य श्रृंखला का वैश्वीकरण' थीम पर आधारित फ्रूट एक्सपो प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि किसानों की उपज को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बागवानी क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उत्तर प्रदेश औद्यानिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड का गठन किया गया है और शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप गार्डनिंग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के घरेलू निर्यातकों को बेहतर सुविधाएं और संस्थागत सहयोग मिलना चाहिए, ताकि प्रदेश के फल उत्पाद वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बन सकें। उन्होंने प्रूनिंग मशीन पर 50 प्रतिशत सब्सिडी तथा फलों की सुरक्षित पैकेजिंग के लिए पेपर बैग पर भी सब्सिडी देने की मांग उठाई।


## देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाइना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.

और भी देशों से

अंजुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

Since 2010

M.B.B.S.

BDS, BAMS, BUMS, BHMS

Abroad Admission & Counselling For India

- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है

471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)



## बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES

भगन्दर FISTULA

फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

( गुदा रोग विशेषज्ञ )

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साई अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# बिजनौर की सोनपापड़ी को मिलेगी नई पहचान

## एक जनपद एक व्यंजन

-वेदव्रत वेणु

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले की सोनपापड़ी को अब नई पहचान मिलेगी। सोनपापड़ी को प्रदेश सरकार की 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना में शामिल किया गया है। जिले के पारम्परिक मिष्ठान व्यंजन को आधुनिक तकनीक बेहतर पैकेजिंग और ब्रांडिंग के जरिये देश-विदेश तक पहुंचाया जायेगा। कारीगरों व हलवाइयों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। राज्य सरकार उनकी आर्थिक मदद भी करेगी। जिसमें जिले में रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे और जिले की अलग पहचान बनेगी।



'एक जिला एक उत्पाद' योजना की सफलता के बाद कैबिनेट ने 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना को स्वीकृति दी है, जिससे बिजनौर की पारम्परिक मिठाई सोनपापड़ी को शामिल किया गया है। अब सोनपापड़ी को नई पहचान मिलेगी। योजना के अनुसार जिले के प्रमुख व्यंजन का चयन कर उसे सुरक्षित मानकीकृत और आधुनिक बनाया जायेगा। इसके लिये गुणवत्ता सुधार बेहतर पैकेजिंग व आकर्षक ब्राडिंग पर विशेष सुधार होगा। योजना के तहत हलवाइयों, कारीगरों व इस काम में लगे लोगों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

सोनपापड़ी जनपद बिजनौर का पारम्परिक मिष्ठान व्यंजन माना जाता है, इसकी उत्पत्ति साहनपुर कस्बे में होनी बतायी जाती है। साठ के दशक के आसपास साहनपुर निवासी सागर सिंह ने इसकी शुरूआत की थी। नजीबाबाद निवासी इंद्रा लाल के भी सोनपापड़ी की शुरूआत करने की बात कही जाती है। उस समय सोनपापड़ी की शुरूआत गोल टिक्की के रूप में हुई थी। साहनपुर, नजीबाबाद तथा आसपास क्षेत्र के अनेक लोग उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेशों में कई स्थानों पर सोनपापड़ी का व्यवसाय कर रहे हैं। उन्होंने दूर तक जिलों की सोनपापड़ी को नई पहचान दी है। नजीबाबाद के पास के गांव पुरनपुर गढ़ी निवासी अशोक राजपूत ने 1990 से पहले पूणे में सोनपापड़ी का काम शुरू किया था। पहले वे गोल टिक्की बनाते थे, अब उन्होंने नई तकनीक व हुनर का इस्तेमाल करते हुए बिजनौर की सोनपापड़ी को पुणे में नई पहचन दी है। सोनपापड़ी मुख्य रूप से चीनी, बेसन, मैदा व वानस्पतिक तेलों से बनायी जाती है। पहले तो चीनी को कढ़ाई में घोलकर पात बनाई जाती है। दूध की लस्सी से चीनी को साफ किया जाता है। बेसन को तेल या घी में भूना जाता है। चीनी की पात की आग पर चाशनी बनायी जाती है। चाशनी को भूने हुये बेसन में डालकर कारीगर व पारंगत लोग लकड़ी की खूटियों से खींचते हैं, जिससे उसमें धागा व रेशा पैदा होता है। बाद में उसे सांचों में भर दिया जाता है, जिससे सोनपापड़ी व पतीसा तैयार होता है। सोनपापड़ी पसंद करने वालों का कहना है कि शुद्ध बेसन व देशी घी से तैयार सोनपापड़ी बहुत ही स्वादिष्ट होती है। हालांकि त्यौहारों पर मांग बढ़ने पर हलवाई व कारीगर द्वारा केवल मैदा की ही सोनपापड़ी तैयार की जाती है, स्वाद में जिसकी क्वालिटी गिर जाती है।

एक जनपद एक व्यंजन योजना में प्रदेश सरकार उद्यमियों को अनुदान देने की भी व्यवस्था करेगी। योजना के संचालन के लिये हर जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति बनेगी, जिसमें तकनीकी संस्थानों, खाद्य व पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रशासन का यह भी प्रयास रहेगा कि उद्यमियों को मेलों, पर्वों और प्रदर्शनियों के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराया जाये। कुल मिलाकर सोनपापड़ी से जिले की अलग पहचान मजबूत होगी।

# मनोज कुमार अध्यक्ष प्रदीप कुमार महामंत्री चुने गए



## कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण को होंगे प्रयास

बिजनौर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोशिएशन जिला इकाई के अधिवेशन में मनोज कुमार को निर्विरोध जिला अध्यक्ष तथा प्रदीप कुमार को जिला महामंत्री चुना गया। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी ने कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण करने पर जोर दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा का अधिवेशन सेवानिवृत्ति सहायक लेखा अधिकारी डी के पांडेय की देखरेख में आयोजित किया गया। इस मौके पर संगठन को मजबूत करने के लिए मनोज कुमार को निर्विरोध जिला अध्यक्ष, प्रदीप कुमार को जिला महामंत्री, संजीव कुमार मिश्रा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, तपेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद नईम संयुक्त मंत्री, राकेश कुमार कोषाध्यक्ष, श्रीमती मीनाक्षी संगठन मंत्री, मोहम्मद अली नकी निर्विरोध प्रचार मंत्री चुने गए। जबकि डी के पाण्डेय को संगठन का संरक्षक चुना गया। निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। संगठन के संरक्षक डी के पाण्डेय ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण को संगठन को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि वह कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए काम करेंगे।

## बंगाल में हुई भाजपा की नीतियों की जीत- बख्शी

शेरकोट (चिंगारी)। भारतीय किसान उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता एम.पी. बख्शी ने पश्चिम बंगाल, असम व पांडुचेरी विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार की नीतियों और कर्मठ कार्यकर्ताओं की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा को मिली जीत लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और लोक कल्याणकारी नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों ने यह साफ कर दिया हैं कि देश की जनता विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व चाहती है। उन्होंने कहा कि बंगाल में प्रचंड बहुमत,असम में लगातार तीसरी व पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा सरकार बनना ऐतिहासिक उपलब्धि है और ये दर्शाता है कि देश की जनता भाजपा की नीतियों और कार्यशैली को पसंद कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा ये जनादेश प्रधानमंत्री मोदी के नया भारत - विकसित भारत के संकल्प को नई दिशा ऊर्जा देगा।



ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 8 मई, 2026

# कोलकाता का ब्रिगेड ग्राउंड तैयार

## स्टेज पर दुर्गा प्रतिमा से झालमुड़ी तक, भाजपा का शपथ ग्रहण समारोह होगा खास

**कोलकाता (एजेंसी/चिंगारी)। कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शनिवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार के गठन को लेकर पार्टी इसे बड़े सांस्कृतिक और राजनीतिक आयोजन के रूप में पेश करने की तैयारी में है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।**

ब्रिगेड ग्राउंड में विशाल मंच तैयार किया जा रहा है, जहां एक बड़ी दुर्गा प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मंच के आसपास बंगाल की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाने वाले कई प्रतीक और प्रतिष्ठित हस्तियों के चित्र लगाए जाएंगे। आयोजन स्थल पर दर्जनों फूड स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं, जहां झालमुड़ी, रसोगोला और संदेश जैसे पारंपरिक बंगाली व्यंजन परोसे जाएंगे। भाजपा नेताओं का कहना है कि यह सिर्फ शपथ ग्रहण नहीं, बल्कि बंगाली संस्कृति के उत्सव जैसा आयोजन होगा। एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने तैयारियों का निरीक्षण करते हुए कहा कि कई लोग भाजपा को बंगाल की संस्कृति से अलग बताते थे। जनता ने भारी जनादेश देकर उनके दावों को गलत साबित कर दिया। अब यह ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह बंगाली संस्कृति के बड़े उत्सव में बदलेगा।

**दुकानें व हॉल बिकाऊ**

एसआरएस मॉल शक्ति चौक बिजनौर

3rd फ्लोर पर 9.40×22.10 फिट साइज की 4 दुकानें व दो हॉल 14×74 एवं 14×79 फिट के दो हॉल बिक्री के लिए तुरंत उपलब्ध हैं।

बेहतरीन लोकेशन और निवेश का शानदार अवसर।

इच्छुक व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।

मोबाइल नंबर- 9927164079

# तमिलनाडु में पलटेगा गेम!

## भाजपा से नाता तोड़ने की तैयारी में AIADMK

**चेन्नई (एजेंसी/चिंगारी)।** तमिलनाडु में सरकार बनाने को लेकर पेच फंसता ही जा रहा है। सूबे में किसी भी दल या गठबंधन के पास बहुमत का नंबर नहीं होने के कारण अभी तक सरकार बनाने का रास्ता साफ नहीं हुआ है। ऐसे में दक्षिण भारत के इस राज्य की राजनीति में एक ऐसा घटनाक्रम देखने को मिल रहा है, जिसकी कल्पना पिछले 50 वर्षों में किसी ने नहीं की थी। अभिनेता से नेता बने विजय और उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (TVK) तमिलनाडु में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, लेकिन बहुमत का नंबर पूरा नहीं हो रहा। कांग्रेस ने जरूर विजय की टीवीके को समर्थन दे रखा हो, लेकिन उसके बाद भी सरकार बनाने के लिए बहुमत का जादुई आंकड़ा नहीं पूरा हो रहा। तमिलनाडु में बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाले AIADMK अब एनडीए से बाहर निकालने की तैयारी में है। ऐसे में सवाल उठता है कि बीजेपी से गठबंधन तोड़ने के बाद AIADMK तमिलनाडु में टीवीके और डीएमके में किसके साथ हाथ मिलाएगी?








### अमेरिका ने सीजफायर तोड़कर ईरान पर फिर बमबारी की

#### ट्रम्प बोले- डील नहीं की तो और हमले करेंगे

अमेरिकी सेना ने ईरान पर फिर बमबारी की है। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सीजफायर के बीच यह कार्रवाई की। दरअसल, अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया है। इसके बाद ईरान ने बिना किसी हिचकिचाहट के करारा जवाब देने की चेतावनी दी है। ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस TV के मुताबिक खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी सेना ने जास्क के पास ईरानी समुद्री इलाके से होर्मुज स्ट्रेट की ओर जा रहे एक तेल टैंकर को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर तेहरान डील नहीं करता तो हम फिर हमले करेंगे। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ट्रम्प ने बताया कि ईरान ने अमेरिकी जंगी जहाजों पर हमला किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच फायरिंग हुई, जिसमें हमने उन्हें बुरी तरह से तबाह कर दिया और उनकी कई छोटी नावों को डुबो दिया।




# रतन सिंह धीमान द्वारा लगाये गये पेड़ राहगीरों के लिये बने राहत केंद्र

चिंगारी संवाददाता फिरोज आलम की रिपोर्ट

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )**। हीमपुर दीपा बस स्टैंड पर रहने वाले रतन सिंह धीमान तो नहीं रहे, किन्तु उनके लगाए पेड़ आज भी राहगीरों को चिलचिलाती भीषण गर्मी में उनकी याद दिला देते हैं। लगभग तीन दशक पूर्व रतन सिंह धीमान ने बदायूं-बिजनौर मार्ग स्थित हीमपुर दीपा स्टैंड पर पिलखन का एक छोटा पौधा रोपा था, जो आज विशालकाय रूप में खड़ा है। चिलचिलाती धूप में आमजन उक्त पेड़ की छाया में आकर राहत महसूस करता है। हीमपुर दीपा बस स्टैंड के दोनों किनारे काफी संख्या में छायादार पेड़ खड़े हैं। बस स्टैंड के समीप दयानन्द जनता इंटर कॉलेज तथा पंजाब नेशनल बैंक स्थित है। हर रोज सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे तथा राहगीर धूप से बचाव के लिए पेड़ों की छांव में राहत पाते हैं।

स्थानीय निवासी दिग्विजय सिंह, मनोज कुमार, जगपाल सिंह, राजेश सिंह, जितेंद्र धीमान, हिमांशु, सुभाष गुप्ता, सतीश चंद, फहमीद, आशीष कुमार आदि का कहना है कि पिलखन का पेड़ बहुत तेज़ी से बढ़ता है और इसकी शाखाएं बहुत दूर तक फैलती हैं, जो घनी शीतल छाया प्रदान करती हैं। यह दिन-रात प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन छोड़ता है और हवा को शुद्ध करता है, जिससे पर्यावरण शुद्ध रहता है।

अभी हाल ही में बिजनौर-चांदपुर मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर चांदपुर रोडवेज बस स्टैंड से लेकर स्याऊ तक रोड किनारे खड़े छायादार पेड़ों को बेतहाशा काटा गया है। आने वाले समय में मार्ग चौड़ीकरण को लेकर बस स्टैंड पर खड़े छायादार पेड़ों को भी काटा जा सकता है जिससे बस स्टैंड बेनूर हो जाएगा तथा आमजन को चिलचिलाती धूप में पेड़ों की छाया के बगैर ही तपना पड़ेगा।








# यूपी में औसत से 13 डिग्री तक गिरा पारा

## सोमवार से सक्रिय होगा एक और पश्चिमी विक्षोभ

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश में बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। बीते 24 घंटों में राजधानी लखनऊ समेत तराई, पश्चिमी यूपी और बुंदेलखंड के कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक 27 मिमी बारिश जालौन में हुई, जबकि महराजगंज में 23 मिमी और झांसी में 20 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुई। बारिश और ठंडी हवाओं के असर से तराई व पश्चिमी जिलों में मौसम में ठंडक बढ़ गई। कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 10 से 13 डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज किया गया। हरदोई, इटावा, बरेली और नजीबाबाद में तापमान सामान्य से करीब 13 डिग्री नीचे पहुंच गया। नजीबाबाद में 25 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे कम अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आज आंधी या बारिश की कोई चेतावनी नहीं है। अगले दो दिनों में बूंदाबांदी कम होने और तापमान बढ़ने के संकेत हैं। हालांकि, सोमवार से पश्चिमी यूपी में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के असर से हल्की बूंदाबांदी फिर शुरू हो सकती है।

### बूंदाबांदी से 30 डिग्री से नीचे आया पारा

राजधानी में बृहस्पतिवार को मौसम का मिजाज दिनभर बदलता रहा। तड़के गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई तो दोपहर और शाम में रुक-रुककर बूंदाबांदी हुई। इससे पहले कभी धूप तो कभी बादल छाए रहने से तापमान में उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। दिनभर हवा में ऐसी ठंडक घुली रही कि जेठ माह में फरवरी का अहसास हुआ। बारिश और ठंडी हवाओं के असर से अधिकतम तापमान में 3.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई और पारा 30 डिग्री से नीचे पहुंच गया।

# नहटौर में आवारा कुत्तों का आतंक

## पिछले दो माह में कुत्तों, बंदरों व बिल्ली के हमलों की 981 घटनाएं हुईं

मोहित शर्मा

**नहटौर ( चिंगारी )**। नगर व क्षेत्र में आवारा कुत्तों, बंदरों और बिल्ली के काटने की घटनाएं बढ़ रही हैं। कुत्तों और बंदरों के आतंक से लोग भयभीत हैं। खासकर बच्चों को लेकर असुरक्षा की भावना है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र एवं आकू विकास खंड क्षेत्र में कुत्तों और बंदरों के काटने की घटनाएं बढ़ रही हैं। पिछले दो माह में 981 घटनाएं दर्ज हुईं। नहटौर सीएचसी से मिली जानकारी के मुताबिक मार्च माह में 583 लोग आवारा कुत्तों, बंदरों व बिल्ली के हमले के शिकार हुये, जिनमें 583 घटनाएं कुत्तों के काटने कीं, 51 बंदरों के हमलों की और 70 बिल्ली के काटने की घटनाएं हुईं। इसी क्रम में अप्रैल माह में 277 घटनाएं हुईं, जिनमें कुत्तों के काटने की 218, बिल्ली के काटने की 33 तथा बंदरों के हमले की 26 घटनाएं दर्ज की गईं। नगर क्षेत्र में खूंखार आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। विशेषकर बच्चों पर हमले की घटनाओं से लोग चिंतित हैं। पिछले दिनों आवारा कुत्तों के हमले में एक बच्चे की रीढ़ की हड्डी तक टूट गई थी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष आर्य ने बताया कि सीएचसी पर वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कुत्ते, बंदर या बिल्ली के काटने पर तुरंत सीएचसी आकर वैक्सीन लगवायें। साथ ही उन्होंने लोगों से सतर्कता बरतने तथा रात्रि में डंडा हाथ में लेकर बाहर निकलने का आह्वान किया।



### नगर पालिका चला रही कुत्तों की नसबंदी का अभियान

**नगर पालिका प्रशासन द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी कराने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये नगर पालिका ने एक प्राइवेट फर्म के साथ करार किया है। यह फर्म अब तक 80 कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी करा चुकी है। अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया कि झील पार्क पर डॉग फीडिंग सेंटर बनाया गया है। इसके अलावा आवारा कुत्तों को रोटी खिलाने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। अगर ऐसा कोई मामला संज्ञान में आता है तो सम्बंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। उधर, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह का कहना है कि आवारा कुत्तों और बंदरों के हमलों को देखते हुए ग्राम पंचायतों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है।**



# धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन

## प्रशासन और सत्ता पक्ष के नेताओं के संरक्षण में हो रहा पर्यावरण और राजस्व का नुकसान

किरतपुर (चिंगारी)। भनेड़ा व मोअज्जमपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर (मौजा औरंगाबाद) के जंगलों में नहर के पास, मुस्सेपुर के जंगलों तथा आसपास के कई इलाकों में अवैध खनन का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। खनन माफिया बेखौफ होकर दिन-रात मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि देर रात तक जेसीबी मशीनों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व डंपरों के माध्यम से खनन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अवैध खनन से सरकार को राजस्व का भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से खनन के कार्यों में अचानक काफी तेजी आ गई है। क्षेत्र में लगातार चल रहे भारी वाहनों की आवाजाही से गांव की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और धूल-मिट्टी के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं लगातार हो रहे अवैध खनन से पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। क्षेत्रवासियों ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर किसकी मिलीभगत से यह अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध खनन के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ज्ञात हो कि कल रात भी ग्राम हुसैनपुर के निकट एक प्लॉट पर करीब 30 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों द्वारा भरान किया गया। प्रशासन ने पूरी तरह आंखें मूंद रखी हैं।

## जनगणना के अंतर्गत स्वगणना का आरंभ



हल्दौर (चिंगारी)। जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना के प्रथम दिन नगर पालिका परिषद हल्दौर में अधिशासी अधिकारी सीमा वर्मा के नेतृत्व में समस्त कर्मचारियों द्वारा जनगणना पोर्टल पर स्वगणना का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत समस्त कार्यालय स्टाफ द्वारा कार्यालय सभागार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण और आवास गणना' के तहत पोर्टल पर स्वगणना की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती विमला देवी, अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा तथा कार्यालय स्टाफ में अजय मोहन शर्मा, अरुण कुमार, अंकित कुमार, मौहम्मद नौशाद, तेजपाल सिंह, जितिन, नरेंद्र कुमार, संजय, राहुल आदि पालिका कर्मी उपस्थित रहे।

## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर, भाकियू वाले बैठे धरना देकर

नगीना (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता अपनी 10 सूत्रीय मांग को लेकर तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता धरना जारी रहेगा।

भारतीय किसान यूनियन के अराजनैतिक के तहसील अध्यक्ष नमेंद्र चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता बृहस्पतिवार की दोपहर तहसील परिसर में पहुंचे तथा वहां दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। उनका कहना है कि दो दिन पूर्व उनके द्वारा कई मांगों को लेकर तहसीलदार को उप जिलाधिकारी व जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया गया था, लेकिन उसका कोई समाधान नहीं हुआ। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक समाधान की घोषणा अधिकारी नहीं करते, तब तक धरना जारी रहेगा। तहसील अध्यक्ष ने बताया कि उनकी जो 10 मांगें हैं उनमें एक डिग्री कॉलेज द्वारा कब्जा की गई सिंचाई विभाग व अन्य किसानों की भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने, अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति की जांच कराए जाने, तहसील में लेखपाल, कानूनगो के पास रखे गए बाहरी व्यक्ति को तुरंत हटाए जाने, ग्राम खुर्शमपुर खड़क में तालाब की सफाई तथा उसे कब्जामुक्त कराया जाए, सहकारी समिति माहेश्वरी जट का कार्यालय ग्राम रहमापुर में ही रहे, अंश निर्धारण ठीक कराया जाए, जंगली हाथियों द्वारा बर्बाद की गई फसल का मुआवजा दिलाए जाए, जिला सहकारी बैंक कोतवाली में बैंक कर्मचारियों की कमी की समस्या को दूर किया जाए, बढ़ापुर में सरकारी अस्पताल में डॉक्टर की व्यवस्था की जाए आदि की मांग की गई। इस मौके पर नगर अध्यक्ष कुंवर हर्षवर्धन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कोतवाली ओमप्रकाश काकरान, ब्लॉक महासचिव धर्मपाल चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष बढ़ापुर बिजेंद्र सिंह, चौधरी समरपाल सिंह, संजीव कुमार, पदम सिंह, मुकुल त्यागी, नागेंद्र सिंह, मंगू सिंह, डॉक्टर देवेंद्र सिंह, मुन्नू सिंह, पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।



नगीना तहसील परिसर में चल रहे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के अनिश्चितकालीन धरने को संबोधित करते तहसील अध्यक्ष नमेंद्र चौधरी।

## आरसेटी पर टेलर वूमेंस गारमेंट्स का दिया गया निःशुल्क प्रशिक्षण



हल्दौर (चिंगारी)। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हल्दौर द्वारा जनपद बिजनौर की बेरोजगार युवतियों को टेलर वूमेंस गारमेंट्स का विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन एमओआरडी की तरफ से मूल्यांकन भी कराया गया। उपयुक्त स्वरोजगार (डीसी-एनआरएलएम) वीरेंद्र यादव व संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम के द्वारा पूर्णिमा, पारुल चौधरी, सिंपी चौहान, वंदना राजपूत, हिमानी, सुहाना, सोनम, रिश्मा, निलोफर, मोनिका, काजल, सुनीता, निकिता, सोनम, सलोनी आदि 31 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। ट्रेनिंग के दौरान सभी प्रतिभागियों को उद्यमी गुण, बीमा,पेंशन,मार्केट सर्वे, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, फील्ड विजिट व बैंकिंग क्षेत्र की जानकारी विस्तार से दी गई। कार्यक्रम में डीएमएम योगेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। समापन पर सभी कैंडिडेट्स की जावेद के द्वारा वीडियोग्राफी भी की गई। ट्रेनिंग में महिलाओं को सिलाई के नये डिजाइनर वस्त्र बनाने की विधिवत ट्रेनिंग व प्रैक्टिकल भी कराया गया। सिलाई कढ़ाई के व्यवसाय को घर से भी शुरुआत करके एक बड़े लेवल तक पहुंचकर आजीविका अर्जन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में आरसेटी स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"



योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स




BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

**भली लगे या बुरी...**

## विजय की विजय के निहितार्थ

पश्चिम बंगाल में 34 साल वाम मोर्चा सरकार के शासन के बाद 2011 में टीएमसी सत्ता में आने में सफल हुई थी और सीपीएम केवल 40 सीटों तथा 1977 के पहले तक शासन करने वाली कांग्रेस 42 सीटों तक सिमट कर रह गई थी। लेकिन 2016 में तीन सीट से शुरू करने वाली भाजपा 2021 में 77 सीट से होते हुए 2026 में 200 सीटें पार कर सत्ता तक पहुंच चुकी है। इसके उलट एक साथ मिल कर चुनाव लड़ने के बाद 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और माकपा एक भी सीट नहीं जीत सकी थीं। इस प्रकार पश्चिम बंगाल में दूसरे दलों को ध्वस्त कर भाजपा की लगातार प्रगति प्रदर्शित होती है। पश्चिम बंगाल के साथ ही तमिलनाडु के नतीजों ने सबसे ज्यादा चौंकाया है क्योंकि केवल दो साल पहले बनी फिल्म अभिनेता जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके ने 1967 से जारी द्रविड़ राजनीति को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया है जिसके चलते द्रमुक और अन्नाद्रमुक बारी-बारी से सत्ता में आती रही हैं। सुश्री जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक के तीन टुकड़ों में टूटने तथा करुणानिधि के निधन के बाद सत्ता में आए उनके पुत्र स्टालिन को इस बार पुनः अपनी सरकार बनने की उम्मीद थी और अधिकांश एक्जिट पोल भी ऐसी भविष्यवाणी कर रहे थे। हालांकि दो एक्जिट पोलों ने विजय की 'विजय' की उम्मीद जताई थी, पर उन पर कोई ज्यादा विश्वास नहीं कर रहा था। अपनी इस शानदार विजय से जोसेफ विजय दक्षिण के उन चमत्कारी फिल्म अभिनेताओं की कतार में आ खड़े हुए हैं जिन्होंने राजनीति में अपनी छाप छोड़ी है। इनमें एमजीआर, जयललिता, करुणानिधि व एनटीआर शामिल हैं। हालांकि, तमिलनाडु में भी उनसे पहले कई अभिनेताओं ने अपनी पार्टियां बना कर आगे बढ़ने का प्रयास किया, पर वे द्रमुक व अन्नाद्रमुक के पाटों में फंस कर रह गईं। तमिलनाडु में कांग्रेस व वामपंथी पार्टियां डीएमके के साथ गठबंधन में थीं, पर कांग्रेस और डीएमके के बीच सीट बंटवारे को लेकर कुछ तनाव पैदा हो गया था। विडंबना है कि मुख्यमंत्री स्टालिन स्वयं अपनी सीट बचाने में सफल नहीं हुए और उनके पुत्र तथा राज्य के उप-मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन बड़ी मुश्किल से जीत सके। ...जारी

# बंगाल में टीएमसी की हार

# ममता खुद भी ज़िम्मेदार

**इसमें कोई दो राय नहीं पांच राज्यों में आये चुनाव नतीजे बंगाल से काफी अलग हैं। इसके कारण भी अलग-अलग हैं। एसआईआर भी इन पांच राज्यों सहित अब तक देश के कुल 14 राज्यों में हो चुकी है, लेकिन जिस तरह से बंगाल में 27 लाख लोगों को चुनाव आयोग ने बिना किसी ठोस कारण के वोट डालने से रोक दिया, उससे यह समीकरण पूरी तरह से उलट गया कि मतदाता सरकार चुनते हैं बल्कि अब आप कह सकते हैं कि सरकार उन मतदाताओं को चुन रही है जो उसको सत्ता में लाने के लिये वोट कर सकते हैं। साथ ही एक पेटर्न आप इन चुनाव नतीजों में और देख सकते हैं कि ममता चाहे अपनी हार का एकमात्र कारण चुनावी धांधली, बेईमानी और पक्षपात बतायें, लेकिन वह राज्य में बीजेपी को स्पेस देने के साथ कैसे इस हार की खुद भी ज़िम्मेदार हैं, सिक्के के दूसरे पहलू की तरह इस लेख में हम तथ्यों और प्रमाणों के साथ आपको बतायेंगे।**



▶▶ इक़बाल हिन्दुस्तानी

राजनीति के जानकार बताते हैं कि जो दल नेता या गठबंधन कभी न कभी बीजेपी के साथ अपने स्वार्थ में यह जानने के बाद भी जुड़े हैं कि उसका रास्ता गलत है, उनको देर-सवेर भाजपा ने खत्म कर अपने अंदर समा लिया है। प्रत्यक्ष तौर पर टीएमसी, पीडीपी, बीजू जनता दल, जनता दल यू, बसपा, शिवसेना, जननायक, जनता पार्टी, अकाली दल और अप्रत्यक्ष रूप से चंद्रशेखर राव, जगन मोहन रेड्डी और अरविंद केजरीवाल जैसे नामों की एक लंबी सूची बन सकती है, जो कभी न कभी बीजेपी से अपने अवसरवादी सिद्धांतहीन और परंपरागत मूल्यों को ताक पर रखकर निजी स्वार्थ में जुड़े और आज बीजेपी उनको निगल गयी। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ममता बनर्जी की हार में केंचुआ का एसआईआर के बहाने वोट चोरी के साथ ही उनकी सरकार के खिलाफ पनप रहा जन असंतोष उनके कैडर का कटमनी वसूलना और उनके खिलाफ 15 साल की एंटी इनकम्बेंसी का भी रोल रहा है, लेकिन सबसे बड़ी वजह जो लोग भूल चुके हैं, वह यह है कि ममता बनर्जी ने जो बोया आज उनको वह काटना पड़ा है। 29 साल पहले 1997 में ममता ने कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस नाम से वरिष्ठ बंगाली नेता मुकुल राय के साथ मिलकर नई क्षेत्रीय पार्टी बनाई। उन्होंने अपनी परंपरागत विरोधी कांग्रेस और वामपंथी दलों को खत्म करने और अपने मुस्लिम वोट बैंक को डराकर बीजेपी को बंगाल में प्रवेश कराने में हर तरह का सहयोग दिया। बीजेपी जो पहले से ही कम्युनिस्टों और कांग्रेस की विरोधी नहीं शत्रु की सीमा पार करके उनका नाम-ओ निशान मिटाना चाहती थी, को बिन मांगी मुराद पूरी करने का अवसर मिल गया। मौका मिलते ही बीजेपी ने टीएमसी के संस्थापक सदस्य और ममता के राइट हैंड समझे जाने वाले मुकुल राय पर छापा मारकर उनको बीजेपी में ले लिया।



इसके बाद ममता खुद 1999 में एनडीए सरकार में शामिल होकर रेलमंत्री बन गयीं। जबकि यहीं से उनका राजनीतिक पतन शुरू हो गया। 2001 में रक्षा सौदों में कमीशन खाने का स्टिंग सामने आने पर वह कथित नैतिकता की दुहाई देकर अपना पद त्याग कर एनडीए से अलग हो गयीं। उसके बाद 2001 में ममता ने बीजेपी को अपनी स्वाभाविक सहयोगी बताते हुए अपनी पार्टी के घोषणा पत्र में एनडीए में लौटने की संभावना व्यक्त की। 2003 में ममता फिर से एनडीए सरकार में बिना विभाग की मंत्री बन गयीं। इसी साल ममता ने आरएसएस के मुखपत्र पांचजन्य के एडिटर तरूण विजय की वामपंथी आतंक पर लिखी गयी किताब के विमोचन समारोह में अपनी हाज़िरी लगाई। संघी अख़बार के संपादक ने उनको बंगाल की दुर्गा बताकर हाथों हाथ राजनीतिक हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद वरिष्ठ संघी लेखक और राज्यसभा सांसद बलवीर पुंज ने ममता को सदन में 'हमारी प्यारी ममता दी साक्षात दुर्गा हैं' कहकर नवाज़ा। इतना ही नहीं बंगाल में कम्युनिस्टों के खिलाफ हिंसक संघर्ष में टीएमसी और संघ एक ही पेज पर खुलकर आ गये। ममता ने संघ से मेलजोल बढ़ाते हुए आरएसएस के मोहन भागवत, मदनदास देवी और शेषाद्रि चारी को सच्चा देशभक्त बताया। 2012 में संघ के मुखपत्र पांचजन्य ने ममता की सादगी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ममता उन बिरले राजनीतिज्ञों में शामिल हैं, जो सियासत का इस्तेमाल पैसा कमाने के लिये नहीं करते हैं। इसके बाद हालांकि ममता ने यह ज़ाहिर किया कि वह बीजेपी संघ और एनडीए से दूरी बना चुकी हैं, लेकिन तमाम विरोध असहमति और आपत्ति के बावजूद जब संसद में सीएए के खिलाफ मतदान की बारी आई तो टीएमसी के आठ सांसद गायब हो गये और एनडीए का यह विवादित विधेयक बिना पर्याप्त सांसदों के आराम से पास हो गया।

ममता ने संविधान विरोधी विधेयक रोकने को न तो पार्टी का कोई व्हिप जारी किया और न ही पार्टी लाइन से हटकर लापता होने वाले आठ सांसदों के खिलाफ कोई अनुशासन की कार्यवाही ही की। 2021 में मुकुल राय बीजेपी से टीएमसी में आ गये और बोले बीजेपी और टीएमसी दोनों एक सी ही पार्टी हैं। ममता उनके इस बयान पर भी चुप रहीं। जुलाई 2022 में वाइस प्रेसिडेंट के इलेक्शन में ममता की पार्टी ने अचानक विपक्ष की साझा उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा का विरोध कर अंदर ही अंदर आम आदमी पार्टी की तरह बीजेपी की बी टीम होने का एक और प्रमाण दे दिया। सियासत के जानकार यह देखकर हैरत में पड़ गये कि जिन जगदीप धनकड़ ने बंगाल का राज्यपाल रहते ममता सरकार का काम करना दूभर कर दिया था उनको ही जिताने के लिये टीएमसी सदन में उनके खिलाफ वोट न करके अप्रत्यक्ष मदद करने को कैसे तैयार हो गयीं? ममता बनर्जी बार-बार इंडिया गठबंधन को भी धोखा देती रही हैं। बंगाल में उनकी पार्टी की हार पांच प्रतिशत वोटों से हुयी है, लेकिन दोनों अलग-अलग लड़कर सात प्रतिशत वोट लेने वाले इंडिया गठबंधन के घटक कांग्रेस और कम्युनिस्टों को उन्होंने बार-बार प्रस्ताव देने के बावजूद कभी साथ मिलकर लड़ने की हामी नहीं भरी। इस तरह हम कह सकते हैं कि जहां ममता की हार के लिये केंचुआ और मोदी सरकार का खुला पक्षपात बे ईमानी और हर मोर्चे पर उनको घेरना है, वहीं ममता का संघ और बीजेपी जैसी साम्प्रदायिक फासिस्ट और नफ़रत की सियासत करने वाली पार्टी से कभी खुलकर तो कभी छिपकर अनैतिक सियासत करना आज उनको अन्य बीजेपी सहयोगियों की तरह खा गया है। शायर ने कहा है-

**तू किसी और से ना हारेगा, तुझको तेरा ग़ुरूर मारेगा, तुझको दस्तार जिसने बख़्शी है, तेरा सर भी वही उतारेगा।**

(नोट : लेखक चार दशक से अधिक से पत्रकारिता शायरी, लेखन, अख़बार संपादन और आकाशवाणी से एक कलाकार के तौर पर जुड़े हुए हैं।)

# धामपुर में की गई उपखनिज से लदे वाहनों की चैकिंग

## केवल एक वाहन के विरुद्ध हुई कार्रवाई



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार को खनन विभाग और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने धामपुर तहसील क्षेत्र में उपखनिज से लदे वाहनों का सघन चैकिंग अभियान चलाया। यह कार्रवाई प्रातः 5 बजे से काशीपुर और मुरादाबाद की ओर से आने वाले वाहनों पर की गई।

खनन अधिकारी बिजनौर एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बिजनौर द्वारा संयुक्त रूप से की गई जांच में वाहनों के खनिज संबंधी प्रपत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान अधिकांश वाहनों के दस्तावेज सही पाए गए। हालांकि, एक वाहन की बॉडी एक्सटेंड मिलने पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने संबंधित वाहन के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

अधिकारियों ने बताया कि जिलाधिकारी को अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इसी के मद्देनजर खनिज विभाग, परिवहन विभाग और राज्य कर विभाग को संयुक्त रूप से प्रवर्तन कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि जनपद में अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ आगे भी संयुक्त अभियान जारी रहेगा।

# प्रेमिका के पहुंचने पर दूल्हा फेरों से उठकर फरार, दुल्हन ने किया विदाई से इन्कार

**नूरपुर (चिंगारी)।** गुरुद्वारे में आनंदकारज (फेरे) होने के वक्त प्रेमिका के पुलिस के साथ आ धमकने पर दूल्हा फेरों से उठ भागा। दुल्हन ने दूल्हे की इन हरकतों को देख उसके साथ जाने से इंकार कर दिया। बारात बिना दुल्हन बैरंग लौट गई। जानकारी के अनुसार दूल्हा व दुल्हन दोनों पक्ष नूरपुर के ही रहने वाले हैं। दूल्हा-दुल्हन आनंदकारज (फेरों) के लिये अपने परिजनों के साथ गुरुद्वारे में पहुंच गये। फेरे हो चुके थे कि इसी बीच दूल्हे की प्रेमिका (एक बच्चे की मां) गुरुद्वारे में पुलिस के साथ आ धमकी। महिला ने दूल्हे के साथ लिव रिलेशनशिप बताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। दूल्हा वहां से भाग निकला। मामला पुलिस में जा पहुंचा। परिजनों ने किसी तरह महिला प्रेमिका को तो मना लिया, लेकिन दुल्हन ने उसके साथ विदाई लेने से इंकार कर दिया। शादी की सारी खुशियां काफूर हो गईं। बारात बिना दुल्हन वापस हो गई। अब समाज के लोग दुल्हन पक्ष को मनाने पर लगे हुए हैं।

# बारात में गाना बजाने को लेकर विवाद, युवक पर किया हथौड़े से प्रहार

**बिजनौर (चिंगारी)।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम कामगारपुर में बारात के दौरान गाना बजाने को लेकर शुरू हुए विवाद में गांव के तीन युवकों ने एक किशोर के घर में घुसकर उस पर हथौड़े से हमला कर दिया। बेटे को बचाने आई मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार करीब एक सप्ताह पूर्व भागूवाला स्थित वालिया बैंकट हॉल में एक विवाह समारोह के दौरान गांव के युवकों में गाना बजाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि रंजिश में गांव के तीन युवक बाद में 17 वर्षीय लकी पुत्र चंद्रप्रकाश के घर पहुंच गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर लकी पर हथौड़े से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपियों ने घर में जमकर उत्पात मचाया और बीच-बचाव करने आई लकी की मां के साथ भी मारपीट की। युवकों के घर में घुसकर मारपीट करने का वीडियो वायरल हो रहा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस को तहरीर दे दी गई थी, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने से परिवार में रोष है। पीड़ित परिवार न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

# सिपाहियों से मारपीट व असलहा छीनने की सूचना से पुलिस में मचा हड़कम्प

## भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा

**बिजनौर (चिंगारी)।** मुहल्ला लडापुरा में बुधवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब दो सिपाहियों के साथ मारपीट और असलहा छीनने की सूचना पर पुलिस बल घटनास्थल की ओर दौड़ पड़ा। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने असलहा छीनने और सिपाहियों से मारपीट की बात से इनकार किया है, लेकिन क्षेत्र में हंगामा होने की पुष्टि की जा रही है।

बताया जाता है कि शहर की आबकारी चौकी पर तैनात दो सिपाही बुधवार देर रात लडापुरा इलाके में गश्त पर थे। इसी दौरान उनका सामना कथित रूप से अवैध नशे का कारोबार करने वाले कुछ लोगों से हो गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने दोनों सिपाहियों को घेर लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। भारी पुलिस फोर्स को आता देख आरोपी फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने मौके से चार महिलाओं को हिरासत में ले लिया।

सूत्रों के अनुसार पूछताछ के बाद महिलाओं से लिखित माफीनामा लिया गया, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने सिपाहियों से मारपीट और असलहा छीनने की बात से साफ इनकार किया है। उनका कहना है कि मौके पर केवल कहासुनी और हंगामे जैसी स्थिति हुई थी, जिस पर पुलिस ने तत्काल पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

# किन्नरों के जबरन वसूली व अमर्यादित भाषा के विरुद्ध चलाया अभियान



**झालू (चिंगारी)।** किन्नरों के आतंक के विरुद्ध झालू एवं ग्रामीण समाज सुधार कमेटी ने बिगुल बजा दिया है। आरोप है कि किन्नरों द्वारा जबरन अवैध वसूली एवं अश्लील भाषा व अश्लील डांस का प्रयोग करके लोगों पर दबाव बनाया जाता है। लोगों को ब्लैकमेल किया जाता है। सुधार कमेटी द्वारा लाउडस्पीकर लगाकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। पंफलेट बांटे जा रहे हैं।

हल्दौर थाना क्षेत्र के कस्बा झालू सहित जनपद भर में किन्नरों का आतंक है। इसके विरोध में कस्बावासियों ने पूर्व में भी विरोध प्रदर्शन किया था। साथ ही जिला प्रशासन सहित राजधानी तक शिकायत भी की गई थी। आरोप है कि इसके बावजूद किन्नरों का आतंक और अवैध वसूली बढ़ती ही चली गई। इसे क्षुब्ध होकर ज्ञानेश्वर चौधरी के नेतृत्व में एक बार फिर नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग एकजुट हो गए। सभी ने मिलकर झालू एवं ग्रामीण समाज सुधार कमेटी का गठन कर लिया। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें किन्नरों के आतंक व उत्पीड़न से निजात दिलाने की बात की गई। कमेटी का कहना है कि किन्नरों की हरकतों से समाज में गलत असर पड़ता जा रहा है। किसी के घर जाकर शादी होने या किसी के यहां बच्चा पैदा होने पर जबरन अवैध वसूली, अश्लील भाषा का प्रयोग व अश्लील डांस की घटनाएं सामने आ रही हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ज्ञानेश्वर चौधरी, मुकेश वर्मा, एहसान अहमद, नरेश भास्कर, मोहम्मद रिजवान, इसरार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

### किन्नरों के सरदारों ने धमकी दी

झालू एवं ग्रामीण समाज सुधार कमेटी के सचिव मुकेश वर्मा का कहना है कि ज्ञानेश्वर चौधरी को किन्नरों के सरदार द्वारा धमकी दी किंतु हम दबाव में आने वाले लोग नहीं हैं। ज्ञानेश्वर चौधरी का कहना है कि उन्हें धोखे से एक ढाबे पर बुलवाया गया। वहां पर किन्नरों के दो सरदार बड़ी-बड़ी गाड़ियों में पहुंचे, जहां दबाव बनाया गया कि किन्नरों के विरुद्ध कुछ मत बोलो। अन्यथा अच्छा नहीं होगा। चौधरी ज्ञानेश्वर का कहना है कि ग्रामीणों के आ जाने पर वह बामुश्किल निकलकर आये। उन्होंने कहा कि जनहित में इस मुद्दे को जारी रखा जाएगा।

# रुचि वीरा और डा. रमेश तोमर के बीच भूमि विवाद फिर गर्माया

**बिजनौर (चिंगारी)।** बैराज रोड स्थित जमीन को लेकर मुरादाबाद सांसद कुंवरानी रुचि वीरा और उनकी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश तोमर के बीच चल रहा विवाद गुरुवार को एक बार फिर गरमा गया। विवाद उस समय बढ़ गया जब सांसद पक्ष के लोगों ने संबंधित जमीन पर ट्रैक्टर चला दिया। डॉ. रमेश तोमर के पुत्र राजनीश ने आरोप लगाया कि उक्त जमीन सावित्री देवी ट्रस्ट की है, जिसे सांसद रुचि वीरा कब्जाना चाहती हैं। उनका कहना है कि इस जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। राजनीश के अनुसार न्यायालय ने ट्रस्ट के पक्ष में स्टे देते हुए सांसद रुचि वीरा और राशिद टेलीफोन को उक्त जमीन से दूर रहने के निर्देश दिये थे। इसके बावजूद गुरुवार को फिर जमीन पर ट्रैक्टर चलाया गया। राजनीश ने बताया सांसद पक्ष के लोगों ने काफी ज़मीन जोत दी है। वहीं सांसद रुचि वीरा ने इन आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि ट्रस्ट की जमीन के बराबर में उनके पति कुंवर उदयन वीरा के नाम से जमीन दर्ज है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीश ने ट्रस्ट के नाम पर उनकी, राशिद टेलीफोन तथा ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर रखा है। प्रशासन ने उनसे ग्राम समाज की ज़मीन से क़ब्ज़ा ले लिया है। सांसद ने बताया कि प्रशासन ने पैमाइश कराकर उनके पति की ज़मीन पर भी पिलर लगवा दिए थे, लेकिन इसके बावजूद कब्जा नहीं छोड़ा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें किसी की एक इंच जमीन नहीं चाहिए।

स्टे के संबंध में पूछे जाने पर रुचि वीरा ने कहा कि न्यायालय ने राजनीश को उनकी जमीन पर स्टे दिया है, जबकि वे अपनी जमीन में ट्रैक्टर चलवा रहे थे, न कि ट्रस्ट की जमीन पर। तहसीलदार आशीष सक्सेना ने बताया कि वे मौके पर गये थे। दोनों पक्षों ने अपना-अपना पक्ष रखा है। वे कागज़ात की जांच कर रहे हैं।

# गर्म राख से झुलसे दो बच्चों की हालत गंभीर

## भाजपा नेता मौसम चौधरी ने बढ़ाया मदद का हाथ



**बिजनौर (चिंगारी)। मिल की गर्म राख से झुलसे बच्चों की मदद के लिए भाजपा नेता मौसम चौधरी फिर आगे आये हैं। उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती बच्चों का हालचाल जाना और पीड़ित परिवारों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।**

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले झालू रोड पर राधा स्वामी आश्रम के सामने सड़क के किनारे पड़ी मिल की गर्म राख की चपेट में आने से कई बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए थे। बच्चों को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में बच्चों को मेरठ रैफर कर दिया गया था। इनमें से दो बच्चों को फिर जिला अस्पताल लाया गया है। बताया जाता है कि उनका इलाज गंगदासपुर में कराया जा रहा है। लेकिन इन्फेक्शन बढ़ने से बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी मिलने पर भाजपा नेता मौसम चौधरी जिला अस्पताल पहुंचे और वार्ड जाकर बच्चों तथा उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने डॉक्टरों से बच्चों के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली और इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों के इलाज में जो भी खर्च आएगा, उसमें हरसंभव सहयोग किया जाएगा। साथ ही, मौसम चौधरी ने बच्चों के परिजनों को सलाह दी कि बेहतर उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जायें।

मौसम ने कहा कि नर सेवा, नारायण सेवा को मानते हुए पीड़ित परिवारों के साथ हैं। उधर, पीड़ित परिवारों ने आर्थिक सहायता मिलने पर राहत महसूस की और मौसम चौधरी का आभार व्यक्त किया। वहीं स्थानीय लोगों ने भी मौसम चौधरी की सराहना की है। साथ ही शुगर मिल प्रबंधन के विरुद्ध अभी तक कोई कार्रवाई न किये जाने से लोगों में रोष है। बता दें कि इससे पहले भी गर्म राख में झुलसने की घटनाएं ो चुकी हैं, जिनमें एक बच्ची की जान भी चली गई थी।

# क़ाज़ी तारिक अली के निवास पर हुआ जिलाध्यक्ष का स्वागत



**किरतपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव व नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से रालोद एनडीए गठबंधन के संभावित प्रत्याशी क़ाज़ी तारिक अली के मोहल्ला काजियान स्थित आवास पर गुरुवार की दोपहर रालोद जिला अध्यक्ष ओपी कश्यप का जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष ओपी कश्यप ने कहा कि रालोद एक ऐसी पार्टी है जो दलितों, अल्पसंख्यकों की हितैषी है। पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता की कद्र करते हैं। यही कारण है कि पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ता जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने फैज आलम किरतपुर नगर अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। क़ाज़ी तारीक अली ने अपने संबोधन में कहा कि वह अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में डोर टू डोर घूमकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। क्षेत्रवासी अबकी बार परिवर्तन चाहते हैं। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष फैज आलम ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है उसका वह बखूबी निर्वाह करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ रालोद नेता चौधरी जगबीर सिंह, राजेश कश्यप, खुर्शीद कुरैशी, मोहम्मद जाईम सिद्दीकी, क़ाज़ी सलीम अहमद, काजी रशीद अहमद, डॉ. नदीम, क़ाज़ी अदनान, रिहान, बिलाल, अंकित कुमार, समीर, अमन, साकिब, फैसल, आमिर, बहार आलम तथा शकील कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# किरतपुर के व्यापारी प्रदीप अग्रवाल को पितृशोक

किरतपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर महामंत्री प्रदीप अग्रवाल के पिताजी राजेंद्र अग्रवाल (89 वर्ष) का कल रात निधन हो गया। सुबह उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर के व्यापारियों में शोक व्याप्त हो गया। राजेंद्र अग्रवाल पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। वह धार्मिक प्रवृत्ति के तथा मिलनसार व्यक्ति थे। उनकी शवयात्रा में हिंदू-मुस्लिम व्यापारी शामिल हुए। दोपहर को उनका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया गया। उनकी शवयात्रा में सतेंद्र अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, साहिल मेहरा, मोहम्मद आबिद, सफदर खान, डॉ. अजय रंधर, पत्रकार प्रदीप चौहान, रितुज शर्मा, अशोक गुप्ता, अमित अग्रवाल, मुकेश गोयल, गौतम सिंह, नवनीत मित्तल, सोनू वर्मा, तल्हा मकरानी, पिंकी साहनी, नरेश कालरा, आलोक अग्रवाल, गौरव पाराशर आदि काफी संख्या में व्यापारी शामिल थे। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

# दुकान में चोरी का खुलासा एक आरोपी गिरफ़्तार

**स्योहारा (चिंगारी)।** चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक अभियुक्त को जेल भेज दिया। चोरी किया सामान एवं नगदी को बरामद किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 16 अप्रैल 2026 को ग्राम डेहरा बुलंदी निवासी निशान्त चौधरी ने तहरीर देकर बताया कि उनकी दुकान से 6 लेडीज घड़ियां, 12 पर्स, 10 पुरुष बेल्ट, 12 शीशी परफ्यूम, फेशियल किट, फाउंडेशन तथा गल्ले में रखी करीब 19 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। पड़ोसी भीष्म निवासी दौलताबाद की दुकान से भी एक गैस सिलेंडर चोरी कर लिया गया था।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटना में शामिल हर्षित कुमार उर्फ बादल पुत्र मोहन सिंह, प्रदीप पुत्र यशवीर सिंह निवासी ग्राम खानपुर थाना स्योहारा तथा एक बाल अपचारी की पहचान की। पुलिस टीम ने अभियुक्त हर्षित कुमार उर्फ बादल को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी किया गया एक पर्स, एक बेल्ट तथा 2400 नगद बरामद किए गए, जिससे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अभियुक्त को जेल भेज दिया ।

# आकाशवाणी द्वारा आयोजित 'वॉकेथन' में भागीदारी की

**मंडावर (चिंगारी)।** आकाशवाणी/रेडियो प्रसारण के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आकाशवाणी नजीबाबाद द्वारा एक विशेष कार्यक्रम 'वॉकेथन' का आयोजन किया गया, जिसमें आकाशवाणी द्वारा मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल मंडावर के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रेडियो प्रसारण के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना तथा उनमें अभिव्यक्ति, वाचन कला एवं संचार कौशल को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर आकाशवाणी नजीबाबाद के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के उत्साह, अनुशासन एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि रेडियो आज भी




समाज को जागरूक करने और संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति व प्रधानाचार्य डॉ. मदन सिंह रावत एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : डा. मीनू सिंह

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में नर्सिंग सर्विसेज एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय नर्स सप्ताह- 2026 का का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्थान की कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने पौधारोपण अभियान से सप्ताह की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहतर पर्यावरण का होना नितांत आवश्यक है, लिहाजा धरती को पेड़-पौधों से आच्छादित करने का सभी को नैतिक संकल्प लेना चाहिए। डॉ. मीनू सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नर्सें मरीजों की आवश्यकताओं को समझते हुए विभिन्न जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करके रोगी देखभाल सुनिश्चित करती हैं। इस अवसर पर संस्थान के संकायाध्यक्ष अकादमिक प्रोफेसर डॉ. सौरभ वार्ष्णेय, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी. सत्यश्री, मुख्य नर्सिंग अधिकारी डॉ. अनीता रानी कंसल सहित डॉ. ज़ेवियर बेल्वियल, डॉ. रवि कुमार, चंदराम, मुकेश पाल, कपिल जोशी, महावीर तथा कॉलेज के नर्सिंग अधिकारी एवं अन्य कार्मिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन में डीएनएस कमलेश चंद्र भैरवा, मनीष शर्मा, आशुतोष शर्मा, डीसी मीणा,श्रीनाथ, रामकुमार, सुश्री आस्था, रविन कुमार बिश्नोई, सुश्री पल्लवी गौतम, मोहित कुमार शर्मा का योगदान रहा।

# पर्यावरण संरक्षण और सेहत का खजाना

# कुंवर बलजीत सिंह के घर की बगिया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम जालपुर निवासी कुंवर बलजीत सिंह पर्यावरण संरक्षण और सेहत सुधार का संदेश एक साथ दे रहे हैं। उन्होने अपने बड़े घर में मौजूद पर्याप्त जगह का सदुपयोग करते हुए फल, सब्जियां और फूल उगा रखे हैं, जो उन्हें तीनों चीजें पर्याप्त मात्रा में प्राप्त हो जाती हैं।


घर में खड़े सेब के पेड़ पर लगा फल दिखाते कुंवर बलजीत सिंह

क्षेत्र के ग्राम जालपुर निवासी कुंवर बलजीत सिंह का घर काफी बड़ा है। घर के प्रांगण में काफी जगह मौजूद होने का सदुपयोग करते हुए उन्होने वहां पर फल, सब्जियां और फूल उगा रखे हैं। उनके प्रांगण में सेब, पपीता, लीची, शरीफा, अमरूद, केला, अंगूर और किन्नू के पौधे हैं, तो सब्जियों में नींबू, लौकी, तुरई, बैंगन, मिर्च, धनिया, पुदीना, टमाटर, शिमला मिर्च उगा रखी हैं। जबकि गेंदा, गुलाब, कनेर, चांदनी, जरूल आदि फूलों के पौधे भी खड़े हैं। कुंवर बलजीत सिंह का कहना है कि उनकी अधिकांश हरी सब्जियों की पूर्ति घर से ही हो जाती है। घर में उगाई गई सब्जियां जहां अधिक कीटनाशकों के प्रभाव से मुक्त होती हैं, वहीं उनका स्वाद भी शानदार होता है।

कुंवर बलजीत सिंह का कहना है कि वे घर पर उगाई जा रही सब्जियों में केवल तभी दवा का छिड़काव करते हैं, जब बहुत जरूरी हो। इसके चलते इन सब्जियों का स्वाद भी बाजार की सब्जियों की अपेक्षा बहुत अच्छा होता है। सामान्यत: कहा जाता है कि हमारी मिट्टी में सेब का उत्पादन नहीं होता है। बलजीत सिंह बताते हैं कि पिछले वर्ष उनके एकमात्र पेड़ पर 25 किलोग्राम सेब लगे थे। इस बार भी उक्त पेड़ पर खूब फल लग रहे हैं। बस सेब का साइज थोड़ा छोटा होता है और उस पर आकर्षक रंग नहीं आ पाता है।


फूलों के पौधों पर जब फूल आते हैं, तो घर महका भी रहता है और प्रांगण की शोभा भी बढ़ जाती है। ये पेड़ ऑक्सीजन का उत्सर्जन कर पर्यावरण को भी स्वच्छ और स्वस्थ बनाते हैं। यानी घर में उत्पादित किये जा रहे फलों, सब्जियों से सेहत भी सुधर रही है और पर्यावरण का संरक्षण भी हो रहा है।




**पर्यावरण संरक्षण अभियान**

## खाने लायक सब्जियां उगायें

कुंवर बलजीत सिंह कहते हैं कि किसान को अपने खाने लायक सब्जियां जरूर उगानी चाहिएं। नलकूप के आसपास या खेत के किसी कोने में अपने उपयोग लायक सब्जियां जरूर पैदा की जा सकती हैं। घर में जगह हो, तो वहां सब्जियां उगाई जा सकती हैं। इससे व्यक्ति को खतरनाक कीटनाशकों के प्रभाव से रहित स्वास्थ्य के लिये लाभदायक सब्जियां खाने को मिलेंगी।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## विधान सभा चुनावों, उपचुनाओं को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता हटायी गयी

नयी दिल्ली, 07 मई (एजेंसी/चिंगारी) चुनाव आयोग ने विधान सभाओं के चुनावों और उपचुनावों के संबंध में लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटाने की घोषणा की। आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित पुडुचेरी विधानसभा के आम चुनाव और गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा में कुल सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए 15 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू की थी। आयोग ने गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में इन राज्यों के संबंध में लागू आचार संहिता को तत्काल प्रभाव से हटाने की घोषणा की। आयोग का कहना है कि इन चुनावों और उप चुनावों के परिणाम संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों ने घोषित कर दिए हैं इसलिए इन क्षेत्रों के लिए प्रभावी आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से हटायी जाती है। आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि पश्चिम बंगाल राज्य में फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में अभी आचार संहिता लागू रहेगी। आयोग ने वहां 21 मई को दोबारा मतदान कराने का निर्णय लिया है। आयोग की ओर से केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव और संबंधित राज्यों के मुख्य सचिवों को आयोग के इन निर्णयों की जानकारी दे दी गयी है।

Hero
हीरो अब शानदार ऑफर के साथ

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर
1 मई से 31 मई तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# जब निकाह की खुशियां बनी सामाजिक एकता का उत्सव









**अफजलगढ़ ।** बुधवार को नगर में सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और राजनीतिक समरसता की एक अनुपम एवं प्रेरणादायी मिसाल देखने को मिली। मोहल्ला नेजो सराय निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर शमीम अहमद की सुपुत्री सराह सीमाब का निकाह आगामी 10 मई को नगर के प्रतिष्ठित एवं सम्मानित परिवार के सदस्य वकील अहमद अंसारी के सुपुत्र मोहम्मद फराज के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा। इस शुभ अवसर को लेकर दोनों परिवारों सहित पूरे नगर एवं क्षेत्रवासियों में खुशी, उत्साह और आत्मीयता का विशेष वातावरण बना हुआ है। निकाह समारोह को लेकर परिवार में तैयारियां भी जोरों पर चल रही हैं तथा रिश्तेदारों, शुभचिंतकों और नगरवासियों का लगातार बधाई देने के लिए आना-जाना बना हुआ है। निकाह समारोह की खुशियों को समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ साझा करने तथा सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से मास्टर शमीम अहमद की ओर से 6 मई को श्री रामलीला मैदान में नगर के बहुसंख्यक समाज के लिए भव्य प्रतिभोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नगर एवं क्षेत्र





सैकड़ों लोगों ने सहभागिता करते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का परिचय दिया।

कार्यक्रम में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण आत्मीयता, सौहार्द और भाईचारे की भावना से सराबोर नजर आया। वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर शमीम अहमद द्वारा आयोजन स्थल पर लोगों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया तथा सभी के लिए शानदार व्यवस्थाएं की गई थीं। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने मास्टर शमीम अहमद की सामाजिक सोच, विनम्र व्यवहार तथा सभी समाजों को साथ लेकर चलने की भावना की मुक्त कंठ से सराहना की। उपस्थित लोगों का कहना था कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी विश्वास, प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता को और अधिक मजबूत करने का कार्य करते हैं। बेटी के निकाह की खुशी में बहुसंख्यक समाज के लिए आयोजित यह भव्य प्रतिभोज नगरभर में चर्चा का विषय बना रहा तथा लोगों ने इसे सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव और हिंदू-मुस्लिम एकता की सशक्त मिसाल बताया। लोगों का कहना था कि वर्तमान समय में जब समाज को जोड़ने वाले आयोजनों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे में मास्टर शमीम अहमद द्वारा इस प्रकार के आयोजन लोगों के बीच आपसी दूरी को समाप्त कर प्रेम और भाईचारे का संदेश देने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर विभिन्न समुदायों, विचारधाराओं और राजनीतिक दलों से जुड़े लोग एक मंच पर दिखाई दिए। सभी ने मिलकर








यह संदेश दिया कि अफजलगढ़ की धरती आज भी प्रेम, भाईचारे, सामाजिक सद्भाव और आपसी सम्मान की परंपरा को पूरी मजबूती के साथ निभा रही है। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने वर-वधु के सुखद, समृद्ध एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए परिवार को शुभकामनाएं दीं। कई लोगों ने कहा कि मास्टर शमीम अहमद हमेशा सामाजिक कार्यों एवं जनसरोकारों से जुड़े आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं और समाज को साथ लेकर चलने की उनकी सोच हमेशा लोगों को प्रेरित करती रही है।

शानदार व्यवस्थाओं, आत्मीय स्वागत, स्वादिष्ट प्रतिभोज एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की लोगों ने खुलकर प्रशंसा की। नगरवासियों का कहना था कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए भी भाईचारे, सामाजिक एकता और पारस्परिक सम्मान का सकारात्मक संदेश छोड़ते हैं। लोगों ने इस आयोजन को अफजलगढ़ के यादगार, प्रेरणादायी और ऐतिहासिक आयोजनों में शामिल बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम लंबे समय तक लोगों के बीच सामाजिक एकता और सद्भाव की मिसाल के रूप में याद किया जाएगा।



## इनकी उपस्थिति रही सराहनीय

राजीव कुमार अग्रवाल ( पूर्व प्रत्याशी भाजपा विधानसभा नजीबाबाद), समाजसेवी/उद्योगपति हरिश्चंद्र कर्णवाल, सुनील कुमार जैन (भट्टे वाले), जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा मुकेश शर्मा उर्फ मुन्ना, अतुल कुमार जैन, राजीव अग्रवाल (क्रेशर वाले), संजय लोहिया, डॉ. एसके सिंह (शक्ति हॉस्पिटल), श्रीमती डॉक्टर संगीता देवी, विकास जैन, सभासद भीम सिंह रावत, शंकर सिंघल, अजय कौशिक, एडवोकेट प्रमोद बजाज, अशीष रुहेला, हर्ष रस्तोगी, दीपक रुहेला, विश्वास शर्मा (प्रधानाचार्य), रवि कर्णवाल, महेंद्र वर्मा, नरेंद्र वर्मा, दिनेश माहेश्वरी, मनीष कर्णवाल, अनिल कुमार, पत्रकार नितिन दिनेश कौशिक, भाजपा नेता लव अग्रवाल, सुमित तेनगुरिया, रामेंद्र वर्मा, शरद कर्णवाल, अमरजीत सिंह (चेयरमैन), शंकर बिश्नोई, श्रीमती बबीता रुहेला, मुनीश जैन, पियूष माहेश्वरी, डॉ संजीव गुप्ता, लाखन सिंह, सचिन जैन, डॉ विश्वास कुमार, सनी गुप्ता, पत्रकार सुनील अग्रवाल, विनीत लोहिया, सुशील लोहिया, अखिलेश पाठक, उमेश शर्मा, वंश शुक्ला, एडवोकेट राकेश कर्णवाल, आकाश माहेश्वरी, रॉबिन अग्रवाल (नगर पालिका वाले), अंकित अरोरा, विपुल जैन, वैभव कौशिक, विभोर गोयल, गंगाराम, सतीश कुमार, मुकेश कौशिक, अनुज वर्मा, रविकांत वर्मा, ललित जोशी, सहदेव पाठक, विवेक कुमार, अनिल नारायण, सुशील रस्तोगी, मनोज विश्नोई, पुलकित विश्नोई, संजय शर्मा, नितिन वर्मा, निखिल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, निर्मल चिलवाल, मनीष गुप्ता, संजय गुप्ता, कपिल मल्होत्रा, रोहित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, पम्मी वर्मा, नवीन विश्नोई, अरुण विश्नोई, अमित रुहेला, संदीप रुहेला, रंजीत पावर, जगपाल पावर आदि सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।





# यमकेश्वर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुष्कर सिंह धामी

## साझा की विकास की दृष्टि

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड की पावन भूमि यमकेश्वर आज दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों के मिलन और विकास कार्यों की साक्षी बनी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से यमकेश्वर क्षेत्र का भ्रमण कर महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों मुख्यमंत्रियों ने यमकेश्वर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। उन्होंने महादेव से देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की प्रार्थना की। यमकेश्वर आगमन पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंचे। यहां उन्होंने श्री विष्णु महायज्ञ में प्रतिभाग किया और परिवार व ग्रामीणों के साथ आध्यात्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बने। मुख्यमंत्री योगी ने मंदिर समिति का आभार जताते हुए कहा कि तीन वर्ष पूर्व जहां केवल श्रद्धा का भाव था, आज वहां भव्य मंदिर खड़ा है। युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा जीवन में प्रगति के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण का होना अनिवार्य है। अच्छा सोचने से परिणाम सुखद होते हैं, और इस सकारात्मक ऊर्जा को बनाए रखने के लिए ईश्वर की भक्ति और आध्यात्मिकता ही सबसे सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व की सराहना करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की बरसी का उल्लेख किया। उन्होंने क्षेत्र को बड़ी सौगात देते हुए बिथ्याणी महाविद्यालय को आदर्श कॉलेज के रूप में विकसित करने और क्षेत्र में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को वैश्विक स्तर की शिक्षा और खेल सुविधाएं देने हेतु संकल्पबद्ध है, जिसके क्रम में इस महाविद्यालय को हाईटेक किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।



महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय, बिथ्याणी पहुचने पर छात्राओं ने पारंपरिक भव्यता के साथ दोनों मुख्यमंत्रियों का भावपूर्ण अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। शिक्षा के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए अतिथियों ने महाविद्यालय की नई एआई आधारित वेबसाइट का डिजिटल उदघाटन किया, जिसकी कार्यप्रणाली के बारे में त्रिलोक चंद्र शर्मा ने विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट, निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. आनंद उनियाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य विकास अधिकारी, गिरीश गुणवंत, उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल सहित अन्य अधिकारी, महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



### फिटनेस का संदेश दिया

युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के लिए महाविद्यालय परिसर में ओपन जिम का शिलान्यास किया गया। दोनों मुख्यमंत्रियों ने स्वयं जिम उपकरणों पर व्यायाम कर स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। प्रस्तावित स्टेडियम के लिए चिन्हित भूमि के निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही यह जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।






# विश्व खाद्य कार्यक्रम की टीम के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

## उपायुक्त स्व रोजगार ने किया टीएचआर प्लांट का निरीक्षण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विश्व खाद्य कार्यक्रम की एशिया पैसिफिक क्षेत्र की रीजनल न्यूट्रिशन एडवाइजर सुश्री नोरा हॉब्स के प्रस्तावित जनपद भ्रमण एवं टेक होम राशन प्लांट निरीक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में उपायुक्त स्वत: रोजगार बिजनौर वीरेन्द्र यादव ने विकास खंड नूरपुर स्थित टीएचआर प्लांट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्लांट परिसर की साफ-सफाई, मशीनों की कार्यशीलता, उत्पादन एवं पैकेजिंग सेक्शन, गुणवत्ता परीक्षण व्यवस्था, कच्चे माल के भंडारण तथा वितरण प्रणाली का अवलोकन किया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाएं डब्लूएफपी और शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता एवं पोषण मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं।



निरीक्षण के दौरान टीएचआर उत्पादों की वर्तमान रेसिपी और पोषण गुणवत्ता की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि अब डब्लूएफपी मानकों के अनुरूप नई एवं उन्नत रेसिपियां विकसित कर लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा किशोरियों की पोषण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संतुलित आहार सामग्री शामिल की जाएगी।


प्रस्तावित नई रेसिपियों में ऊर्जा युक्त हलवा, दलिया, सोया मिश्रित पौष्टिक खाद्य पदार्थ, मूंग दाल आधारित खिचड़ी, मल्टीग्रेन मिश्रण तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों से युक्त उत्पाद शामिल किए जाने की तैयारी है। इन उत्पादों का उद्देश्य कुपोषण कम करना, बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देना तथा महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार करना है। उपायुक्त स्वत: रोजगार श्री वीरेन्द्र यादव ने कहा कि बिजनौर का टीएचआर प्लांट महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित एक उत्कृष्ट मॉडल है, जो महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता प्रदान करने के साथ-साथ पोषण अभियान को भी मजबूती दे रहा है। उन्होंने बताया कि डब्लूएफपी टीम के प्रस्तावित दौरे के दौरान जनपद में संचालित नवाचारों, गुणवत्ता व्यवस्थाओं और महिला समूहों की सक्रिय भागीदारी को प्रदर्शित किया जाएगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्लांट में कार्यरत समूहों को स्वच्छता, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग, पोषण मानकों और खाद्य सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए, ताकि लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद मिल सकें। इस मौके पर ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई के अधिकारी, टीएचआर नोडल अधिकारी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

# बकरी फार्म में लाखों की चोरी

### पुलिस एक दूसरे का हलका बता कर नहीं कर रही कार्यवाही

बिजनौर (चिंगारी)। स्थानीय मोहल्ला कस्साबान निवासी हनीफ अहमद के बकरी फार्म व गोदाम से लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया। पुलिस चोरो को ढूंढ़ने के बजाये हनीफ को एक दूसरे का हलका बता कर टालने में लगी हुई है। पीड़ित के अनुसार उसका बकरी फार्म व गोदाम गंज रोड पर पेरिस गार्डन के पीछे है। 1/2 मई की रात को चोरों ने ताला तोड़कर इन्वर्टर, 6 बैटरियां, जनरेटर का अल्टीनेटर, कैमरों की डीवीआर व पंखे समेत करीब तीन लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी पड़ोसी द्वारा फोन पर मिलने के बाद पीड़ित मौके पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस कार्रवाई करने के बजाय घटना स्थल एक दूसरे के हलके में बता कर टाल मटोल कर रही है। जाटान पुलिस चौकी प्रभारी घटना स्थल को हल्का नम्बर 4 का क्षेत्र बता रहे हैं, जबकि हल्का नम्बर 4 के दरोगा इसे जाटान चौकी क्षेत्र में बता रहे हैं। पीड़ित हनीफ अहमद का कहना है कि वह पिछले एक सप्ताह से पुलिस के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक न तो मुकदमा दर्ज हुआ और न ही चोरी के खुलासे के लिए कोई ठोस कार्रवाई की गई। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है।


खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



# आकाशवाणी के 90 साल, बेमिसाल

## पैदल यात्रा का आयोजन

### सीओ व आकाशवाणी के एडीपी ने किया शुभारंभ

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारत के रेडियो प्रसारण के 90 साल पूरे होने के शुभ अवसर पर आकाशवाणी नजीबाबाद ने पैदल यात्रा का आयोजन किया। शुक्रवार को सुबह कोतवाली मार्ग स्थित आकाशवाणी नजीबाबाद केंद्र परिसर से सीओ अंजनी कुमार सिंह व आकाशवाणी के एडीपी शोभित शर्मा ने पैदल यात्रा का शुभारंभ किया। पैदल यात्रा नगर के डबल फाटक फ्लाईओवर से होकर मालगोदाम तिराहा व कृष्णा चैराहे से होते हुए नगर के मुख्य मार्गों को होकर आकाशवाणी परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। आकाशवाणी को भारत में 90 साल पूरे होने पर आकाशवाणी नजीबाबाद स्टाफ व उसके श्रोताओं ने 90 साल बेमिसाल बताते हुए हर्ष जताया। उन्होंने आकाशवाणी से मिलने वाली महत्वपूर्ण जानकारियों का लोगों से लाभ उठाने का आव्हान किया। आकाशवाणी के एडीपी शोभित शर्मा ने कहा कि देश की गतिविधियों व अन्य सभी प्रकार की जानकारी लेने के लिए आकाशवाणी आज भी एक सशक्त माध्यम है, आकाशवाणी का 90 साल का कार्यकाल बेमिसाल है। पैदल यात्रा में चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, सखी वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. राखी आनंद अग्रवाल, सेवानिवृत्त शिक्षक इंद्रदेव भारती, आकाशवाणी के पूर्व कैजुएल एनाउंसर दानिश सैफी, डॉ. एसके जौहर सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



आकाशवाणी की पैदल यात्रा में शामिल अधिकारी व नगर के गणमान्य लोग।

# 'दीदी हारी नहीं, बहादुरी से लड़ीं'- अखिलेश



**लखनऊ/कोलकाता( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कोलकाता पहुंचकर ममता बनर्जी से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। चुनावी नतीजों में भाजपा को 207 सीटें मिलीं, जबकि तृणमूल कांग्रेस 80 सीटों पर सिमट गई। इस राजनीतिक बदलाव के बाद यह दोनों नेताओं की पहली मुलाकात रही। कोलकाता में हुई इस मुलाकात के दौरान ममता बनर्जी खुद अखिलेश यादव को रिसीव करने गेट तक पहुंचीं, जबकि अभिषेक बनर्जी ने उन्हें गले लगाकर स्वागत किया। अखिलेश यादव ने ममता बनर्जी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कहा, दीदी, आप हारी नहीं हैं, बल्कि आपने एक योद्धा की तरह चुनाव लड़ा है।

# 'नजीबुद्दौला' की छह छात्राओं का राइफल शूटिंग में मंडल स्तर पर चयन



नजीबाबाद (चिंगारी)। हीमपुर दीपा शूटिंग रेंज में आयोजित जूनियर स्तर की एनसीसी कैडेट्स की राइफल शूटिंग में नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज की छह कैडेट्स सारा, उम्मी वानियां, माहे आदिल, इल्मा, इरम, मिफ्रा खान का चयन मंडल के लिए हुआ है, जिसमें यह कैडेट्स मुरादाबाद में 13 मई से आयोजित होने वाले कैंप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इन छात्राओं का कॉलेज के प्रबंधक सुहैलुर्रहमान, मोहम्मद इब्राहिम, प्रधानाचार्य शबाना परवीन, एनसीसी प्रभारी हिना सैफी, एनसीसी अधिकारी मुमताज अहमद एवं सुधीर कुमार द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए कॉलेज के प्रबंधक सुहैलुर्रहमान ने सभी बालिकाओं से एनसीसी लेकर पूर्ण मनोयोग से इसकी प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने को प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या शबाना परवीन ने एनसीसी छात्राओं के लिए। एनसीसी को बहुत उपयोगी बताया तथा कहां की इसकी मदद से वह सेना में जाकर देश सेवा कर सकती हैं। एनसीसी प्रभारी हिना सैफी ने कहा कि एनसीसी छात्राओं के व्यक्तित्व विकास व कैरियर निर्माण का एक बेहतरीन मंच है, यह न केवल अनुशासित नागरिक बनाता है, बल्कि सरकारी सेवाओं व सशस्त्र बलों में विशेष अवसर देती है। इससे छात्राओं में आत्मविश्वास बढता है। इसके साथ ही नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज की कक्षा 8 व 9 की एनसीसी लेने की इच्छुक 60 छात्राओं का नवीन नामांकन हेतु बिजनौर से आए अधिकारी मुमताज अहमद एवं सुधीर कुमार द्वारा लिखित परीक्षा एवं फिजिकल फिटनेस टेस्ट लिया गया। जिसमें से 20 छात्राओं का चयन नवीन नामांकन हेतु किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी प्रभारी हिना सैफी द्वारा किया गया।

# खुर्शीद मंसूरी ने दो गांवों का दौरा कर चुनाव को लेकर चर्चा की



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम जफरपुर व करमसखेड़ी गांव का दौरा कर खुर्शीद मंसूरी ने 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों से चर्चा की। गांववासियों ने एकजुट होकर नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में आजाद समाज पार्टी को मजबूत करने व बदलाव की राजनीति के लिए समर्थन देने का ऐलान किया। साथ ही सभी ने नजीबाबाद विधानसभा से भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी को विधानसभा में भेजने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने पिछले 15 वर्षों से खस्ताहाल पड़ी सड़कों को दिखाते हुए क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। लोगों ने कहा कि अब नजीबाबाद में बदलाव का समय आ चुका है। इस मौके पर पूर्व प्रधान फरहत, आसिफ, पप्पू, तालिब, रईस, शमशाद सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने मंडावली थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव के तीन युवक उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि तीन दिन पूर्व तीनों युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ कही ले गए है। पीड़ित ने अपनी पुत्री को बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखा गया है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई में जुटी हैं।

## बुकिंग के दो-तीन दिन बाद गैस मिल जानी चाहिए: अमजद सिद्दीकी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी ने कहा कि इंडियन गैस एजेंसी पर गैस लेने के लिए रोज उपभोक्ताओं की लम्बी लाइन लगी रहती है। गैस ना मिलने के कारण उपभोक्ता परेशान हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता को बुकिंग के 2-3 दिन बाद गैस मिलनी चाहिए। जिससे उपभोक्ता की समस्या का समाधान हो जाए। उन्होंने कहा कि इंडियन गैस एजेंसी पर बुकिंग के 10 व 15 दिन बाद भी उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल पा रही हैं। इसलिए इण्डेन गैस की यहां लगातार समस्या बनी है।

## कांग्रेस नेता की भाभी के निधन पर शोक जताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रईस कुरैशी के निवास पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष व वर्तमान में जिला सचिव एम. अकरम खां एडवोकेट की भाभी के निधन पर नगर कांग्रेस कमेटी ने शोक व्यक्त करते हुए मरहूमा की मगफिरत के लिए दुआ की। रईस कुरैशी की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी के संचालन में सभा में नदीम फारूकी, डॉ. सलीम सैफी, राकेश शर्मा, परवेज खान, शराफत चैधरी, डॉ. इकबाल खान आदि मौजूद रहे।

## बार काउंसिल ने तीन अधिवक्ताओं के लाइसेंस निरस्त का आदेश स्थगित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एल्डर कमेटी के चेयरमैन अजय गोयल एड. ने जानकारी देते हुए बताया कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद द्वारा एल्डर कमेटी के चेयरमैन अजय गोयल एड., बार संघ नजीबाबाद के पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, पूर्व महासचिव जितेंद्र राजपूत के लाइसेंस निलम्बन आदेश दिनांक 12-10-2025 को स्थगित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि नगर के अधिवक्ता पंकज विश्नोई की शिकायत पर बार काउंसिल ने नजीबाबाद के उक्त तीन अधिवक्ताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिये थे।

# नजीबाबाद में गैस की पाइप लाइन बिछाने की जगी उम्मीद






नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के आदर्श नगर स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम डिपो की खाली जमीन पर लग रहे गैस प्लांट से नगर पालिका व आसपास के क्षेत्र के लोगों को घरेलू व व्यावसायिक गैस कनेक्शन पाइपलाइन के माध्यम से गैस उपलब्ध कराए जाने तथा पाइपलाइन बिछाये जाने के संबंध में डिप्टी सेक्रेटरी ने मुख्य प्रबंधक को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री को भेजे एक पत्र में अवगत कराया था कि जनपद बिजनौर की नजीबाबाद स्थित आदर्श नगर क्षेत्र में हिंदुस्तान पेट्रोलियम डिपो की खाली जमीन पर गैस रिफलिंग प्लांट लगाया जा रहा है, अगर उक्त प्लांट से गैस पाइपलाइन बिछाकर नगर पालिका सहित आसपास के क्षेत्रों में गैस उपलब्ध करा दी जाए तो क्षेत्र की जनता को काफी राहत मिलेगी। जिसके बाद पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस संबंध में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के डिप्टी सेक्रेटरी रवि पांडे को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए थे। अब प्राकृतिक गैस के डिप्टी सेक्रेटरी ने उक्त पत्र को हरियाणा राज्य स्थित सोनीपत में मौजूद प्राकृतिक गैस परियोजना के मुख्य प्रबंधक तेजपाल सिंह चुंडावत को आवश्यक कार्रवाई के लिए लिखा है। नजीबाबाद में गैस की परेशानी को देखते हुए इस संबंध में आमजन का कहना है कि यहां लग रहे गैस प्लांट से गैस रिफलिंग के अलावा भविष्य में पाइप लाइन आसपास के क्षेत्रों में भी बिछ गई तो क्षेत्र की जनता को काफी राहत मिलेगी।

## ट्रैक्टर से बैटरा व सामान चुराकर बाइक पर ले जा रहा आरोपी गिरफ्तार



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम विजयपुर निवासी रोहताश पुत्र रतन सिंह ने मंडावली थाने में तहरीर देकर बताया था कि रात्रि में उसने गश्त कर रही पुलिस की सहायता से युवक साहिल पुत्र अहसान निवासी ग्राम भागूवाला को उसके घर के सामने खड़े ट्रैक्टर से बैटरा, ट्रैक्टर, हिच एवं डोवाल पटरी चोरी कर अपनी मोटरसाईकिल पर बांधकर ले जाते हुए पकड़ा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त साहिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने अभियुक्त साहिल को ट्रैक्टर का बैटरा, ट्रैक्टर हिच, डोवाल पट्टी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सोनू कुमार, कांस्टेबल गौरव, आरक्षी यश शामिल रहे।

## लवी अग्रवाल ने गैस उपभोक्ताओं की समस्याओं के हल को ज्ञापन दिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के चेयरमैन पद के पूर्व प्रत्याशी लवी अग्रवाल ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ इण्डेन गैस गोदाम पर पहुंचकर गैस के लिए लाइन में लगे उपभोक्ताओं की समस्याएं जानने के बाद एसडीएम को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि इण्डेन गैस गोदाम पर भरे हुए सिलेंडर लेने के लिए प्रतिदिन लम्बी लाइन लगती है, उपभोक्ताओं को समय से गैस रिफिल नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने एजेंसी के बाहर एक दिन पहले जिन उपभोक्ताओं को गैस मिलनी है उनके नामों की सूची चस्पा किये जाने, एक ऐसा मोबाइल व्हाट्सऐप नम्बर जारी कराने जिस पर मिस कॉल पर सूची देखने को मिले, गैस गोदाम पर महिलाओं व विकलांगों को प्रथम वरीयता दी जाने, उपभोक्ताओं के बैठने व पीने के लिए पेयजल उपलब्ध कराने तथा गोदाम पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का नाम, मोबाइल नम्बर व कनेक्शन नम्बर रजिस्टर में दर्ज कराने की व्यवस्था कराने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में लवी अग्रवाल, कमल बंधु, दिनेश बंधु, संजीव अग्रवाल, दिनेश खन्ना, सभासद शिवम अग्रवाल, राकेश, गीता देवी, रामपाल सिन्हा आदि मौजूद रहे।



# युद्ध का असर, पड़ने लगा आम जनता पर

**डा. श्रवण गुप्ता**

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** ईरान और इजरायल, अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष का असर अब सभी क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है, क्योंकि आवागमन और आपूर्ति बाधित होने से जहां रसोई गैस की

## गैस के लिये हाहाकार, महंगाई की पड़ी मार

भारी किल्लत है, वहीं लोग महंगाई की मार झेलने को भी विवश हैं, जिसके कारण आमजन भविष्य को लेकर काफी चिंतित हैं। क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई का तो यह आलम है कि वितरण व्यवस्था ठप्प हो गई है। लोग एजेंसी पर सारा-सारा दिन भूखे-प्यासे खड़े रहते हैं, फिर भी उन्हें रसोई गैस सिलेंडर नहीं मिल


अपनी बारी के इंतजार में सिलेण्डर पर बैठे उपभोक्ता । ( फाइल फोटो )

पा रहा। अब हालात ऐसे हैं कि उन्हें महंगे दामों पर सिलेण्डर खरीदने को विवश होना पड़ रहा है। जिन परिवारों में शादी आदि कार्यक्रम होने हैं, उनका तो और भी बुरा हाल है। उधर ऊर्जा संकट के चलते धीरे-धीरे महंगाई ने भी विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतर परिवारों ने तो लकड़ी-कंडों का भंडारण कर मिट्टी से बने चूल्हे पर खाना बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. राजवीर सिंह, भूमि विकास बैंक हल्दौर के चेयरमैन राकेश कुमार, पं पवन शर्मा, लेखपाल संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, अनिल कुमार, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. अंकित कुमार आदि का कहना है कि सरकार की फ्री राशन व्यवस्था से आमजन काफी राहत महसूस कर रहा है, फिर भी अगर खाड़ी देशों की तनातनी पर विराम नहीं लगा तो यह किसी भी सूरत में शुभ संकेत नहीं माना जा सकता, जिसके लिए सभी को अभी से तैयार रहना होगा।

# बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत, साथी घायल

**नहटौर ( चिंगारी )।** अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

बृहस्पतिवार को थाना मंडावली क्षेत्र के गांव सिकरौडा निवासी मोहित पुत्र सत्यवीर ( 23 वर्ष ) बाइक द्वारा अपने दोस्त नजीबाबाद के ग्राम समीपुर निवासी सौरभ ( 23 ) पुत्र जसराम के साथ मुरादाबाद से अपने घर लौट रहे थे। प्रातः करीब 5 बजे नूरपुर रोड स्थित ग्राम नन्हेड़ा की पुलिया के पास अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जिला अस्पताल में मोहित को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल सौरभ को परिजन निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है। परिजनों के अनुसार बुधवार को मोहित और सौरभ मुरादाबाद गए थे। देर रात मौसम खराब होने के कारण दोनों वहीं रुक गए थे। बृहस्पतिवार प्रातः को दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। मोहित झारखंड की एक पाइप कंपनी में नौकरी करता था, वह अपने भाई की शादी में शरीक होने के लिए छुट्टी लेकर घर आया था। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया मामले में रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# नांगल सोती में रविवार को महिला जागृति सम्मेलन


**नांगल सोती ( चिंगारी )।** शांतिकुंज हरिद्वार की गुरुमाता भागवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में चलाये जा रहे महिला सशक्तिकरण एवं जागृति अभियान के अंतर्गत परसों (रविवार को) गायत्री परिवार नांगल सोती द्वारा स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजक डा. वेदपाल सिंह ने कहा कि परिवारों के बिखराव, नई पीढ़ी की दिशाहीनता, जीवन मूल्यों का पतन जैसी कुछ प्रमुख समस्याओं का समाधान महिला सशक्तिकरण द्वारा ही संभव है। परिवार के संचालन की धुरी भी महिला ही होती है। शांतिकुंज के संस्थापक गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा ने महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में कहा था कि महिलायें पहले से ही शक्ति का आधार हैं, उन्हें अलग से शक्ति देने की नहीं, केवल उनकी शक्ति और चेतना का स्मरण कराने की आवश्यकता है।


# मौलाना जौहर किरतपुर का एम. ए. तृतीय वर्ष का परिणाम घोषित

## मिस्बा शहरीन प्रथम, मिस्बा परवीन द्वितीय रहे

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर (बिजनौर) का एम.ए. तृतीय सेमेस्टर (अंग्रेजी) 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित हआ, जिसमें मिस्बा शहरीन ने 76 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, मिस्बा परवीन 70 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं शहरीन अंजुम ने 69 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कालेज के प्रबंधक मौहम्हद साइम राजा ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आदर्श नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा करने के लिए आहवान किया। कालेज के प्राचार्य डा. मोहित बंसल ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और आगे भी इसी तरह मेहनत करके जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी विभाग के प्रवक्ता डा. अजय कुमार राणा ने सफल छात्र/छात्राओं को सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।







# के. एस. चिल्ड्रंस अकेडमी में हुई सॉफ्ट ड्रिंक प्रतियोगिता

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** के.एस. चिल्ड्रन्स अकेडमी में इंटर हाउस सॉफ्ट ड्रिंक प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत भव्यता, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं आकर्षक पेय पदार्थ तैयार कर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में वाटर हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाटर हाउस की इंचार्ज श्रीमती पारुल मेहरा रहीं। विजेता टीम में अनिश्का (12 बी), नाज़मा (11 सी), अलीशा (11 बी), देव बलियान (11 बी), शिफा (10 बी), खुशबू (12 बी), मनीषा (10 बी) एवं शहरीन (9 बी) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एयर हाउस की इंचार्ज श्रीमती रेनुका गौतम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अर्थ हाउस की इंचार्ज सुश्री शाहिदा एवं फायर हाउस की इंचार्ज श्रीमती स्वाति सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में श्रीमती अंजू वशिष्ठा एवं श्रीमती नीरा तोमार मैडम रहीं। प्रधानाचार्य इन्द्रपाल सिंह ने दोनों निर्णायकों को प्लांटर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन एक्टिविटी इंचार्ज मानसी अग्रवाल की देखरेख में किया गया।

# दयानंद जनता इंटर कालेज प्रबंध समिति का चुनाव 19 को

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज, हीमपुर दीपा में 5 वर्षीय प्रबंध समिति का चुनाव 19 मई 2026 को होगा, जिसमें 37 आजीवन सदस्य कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों का चयन करेंगे। चुनाव संबंधित लगभग सभी दस्तावेज पूरे कर

## 37 आजीवन सदस्य करेंगे पदाधिकारियों व सदस्यों का चयन

लिए गए हैं। इस बार भी आम सहमति बनने के आसार जताए जा रहे हैं, फिर भी संघर्ष और गहमा-गहमी से भी इनकार नहीं किया जा सकता, जबकि विद्यालय प्रशासन प्रबंध समिति की कार्यकारिणी का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की बात कह रहा है। इससे पूर्व फरवरी 2021 को सर्वसम्मति के आधार पर कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया था। चुनाव में तब 47 आजीवन सदस्यों ने प्रतिभाग कर प्रबंधक रमेश चंद और प्रबंध समिति अध्यक्ष के लिए चौधरी समर सिंह के नाम पर सहमति जताई थी। उनका 5 वर्षीय कार्यकाल काफी संतोजनक रहा। इस दौरान वयोवृद्ध वैद्य ऋषिराम गुप्ता रतनपुर खुर्द, सीताराम सिंह मारूफपुर, जोत सिंह रतनपुर खुर्द, रामकुमार शाहपुर, धूम सिंह सिकरौंधा, महावीर सिंह बुढ़नपुर, झबरे सिंह रामपुर, लक्सरी नगीना, भारत सिंह हीमपुर बुजुर्ग, लटूर सिंह सलमाबाद आदि दस आजीवन सदस्यों का स्वर्गवास होकर वह कालातीत हो चुके हैं। बताते हैं कि विद्यालय में सन् 2013 से 2021 तक लगभग 8 वर्ष तक साधिकार नियंत्रक नियुक्त रहे। प्रबंधक रमेश चंद्र 92 वर्ष की उम्र को लगभग पार कर चुके हैं। शुरुआती दौर से लेकर अब तक वह कई बार प्रबंधक पद पर काबिज रहे। उनका कार्यकाल हमेशा विवाद संघर्ष और उपलब्धि भरा रहा। चुनाव को लेकर उनके हौसले आज भी बुलंद हैं।

# नाला चोक हो जाने से सड़कों पर फैल गया गंदा पानी

**बिजनौर ( चिंगारी )। शहर की बिजनौर शुगर मिल के पीछे स्थित सर्वोदय कॉलोनी में मुख्य नाले की निकासी बंद होने से नाला चोक हो गया, जिसके चलते गंदा पानी कॉलोनी की सड़कों पर फैल गया। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का**

## कॉलोनी के लोगों को हो रही परेशानी

**सामना करना पड़ रहा है।**

मोहल्लेवासियों का कहना है कि उक्त नाले में सर्वोदय कॉलोनी, कुटिया कॉलोनी, ज्ञान विहार कॉलोनी सहित आसपास की कई बस्तियों का पानी आता है, लेकिन समय पर सफाई और निकासी की व्यवस्था न होने के कारण नाला अक्सर चोक हो जाता है। परिणामस्वरूप गंदा पानी सड़कों पर भर



जाता है और दुर्गंध फैलने लगती है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि जलभराव के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। वहीं गंदगी और मच्छरों की बढ़ती संख्या से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द नाले की सफाई कराकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

# अब आप जनसमस्या को लेकर ज्ञापन भी नहीं दे सकते?

## व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष को हाउस अरेस्ट किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बढ़ती महंगाई के विरूद्ध ज्ञापन देना भी अब शासन-प्रशासन को गवारा नहीं है। इस बात की बानगी आज उस समय देखने को मिली, जब व्यापारी एकता परिषद के पदाधिकारी कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में वृद्धि को लेकर प्रशासन को ज्ञापन देने वाले थे। पुलिस ने परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा को हाउस अरेस्ट करते हुए अन्य पदाधिकारियों को भी वहीं रोक दिया।

राहुल वर्मा ने चिंगारी को बताया कि कामर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में भारी वृद्धि के चलते होटल, ढाबा, मिठाई एवं रेस्टोरेंट व्यावसायियों के कारोबार पर असर पड़ा है। व्यापारी पहले ही बिजली के स्मार्ट मीटर, बढ़ते टैक्स और आर्थिक मंदी की मार झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज वह संगठन के कुछ पदाधिकारियों के साथ शांतिपूर्वक जिलाधिकारी को ज्ञापन देने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उनके न्यू सिटी स्थित आवास पर नजरबंद कर दिया। राहुल वर्मा ने बताया कि पुलिस अधिकारी ने उनसे कहा कि ऊपर से आदेश हैं कि ऐसा कोई ज्ञापन नहीं दिया जायेगा। राहुल वर्मा ने कहा कि सरकार व्यापारियों को डराकर आंदोलन करने से रोकना चाहती है। यह बात समझ से परे है कि प्रशासन को मुट्ठी भर व्यापारियों को ज्ञापन देने से रोकने की जरूरत क्यों पड़ी। व्यापारी न तो धरना प्रदर्शन करने वाले थे और न जाम लगाने या पुतला जलाने का उनका कोई इरादा था। केवल कुछ पदाधिकारियों को ज्ञापन देना था। इसके बावजूद संगठन के प्रदेश अध्यक्ष को हाउस अरेस्ट करना किसी के गले नहीं उतरा।

## शराब के साथ कीटनाशक गटक कर जान दी

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** गुरुवार को एक व्यक्ति ने चांदपुर में कोई कीटनाशक पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम रावटी निवासी दयाराम रवि ( 55 वर्ष ) चांदपुर गया था। वहां उसने पहले तो शराब पी, उसके बाद कोई कीटनाशक पदार्थ खा लिया। उसे तड़पता देख मौके पर पहुंचे लोग उसे अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

## टंकी फिटिंग की दुकान में चोरी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** चोरों ने टंकी फिटिंग का सामान बेचने वाली दुकान से कीमती सामान व गल्ला तोड़कर उसमें रखे लगभग 10 हजार रुपए चोरी कर लिये। यहां मुहल्ला पतियापाडा में बिजनौर रोड पर अली मस्जिद के पास मौ. अनवार पुत्र मौ. अशरफ की टंकी फिटिंग के सामान की दुकान है। रात्रि के समय पीछे से छत के रास्ते दुकान के अंदर आये चोरों ने वहां से 23 सनेक कोरसा, 18 कनशीलड कोरसा, 15 एंगल वाल कोरसा, 30 बड़ी कोरसा, 20 बलवल एक इंच यश, 28 बलवल आधा इंच यश, 15 चेकवल एक इंच, 9 चेकवल आधा इंच, पानी की मोटर व गल्ले में रखे लगभग 10 हजार रूपए चोरी कर लिये।

## जे. पी. स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस



**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी स्कूल में जूनियर विंग में मातृ दिवस बड़े ही अनोखे और भावनात्मक तरीके से मनाया गया। यह आयोजन बच्चों और उनकी माताओं के बीच प्रेम, सम्मान और अपनापन बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष रूप से तैयार किया गया था।

इस अवसर पर विभिन्न रोचक और रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। इस बार की खास बात यह रही कि केवल बच्चों ही नहीं, बल्कि माताओं की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। बच्चों और माताओं ने मिलकर खेलों, क्राफ्ट गतिविधियों और इंटरैक्टिव सेशन्स में हिस्सा लिया, जिससे माहौल खुशनुमा और यादगार बन गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'मॉम एंड मी' एक्टिविटी रही, जिसमें बच्चों ने अपनी माताओं के लिए सुंदर कार्ड, चित्र और प्यारे संदेश तैयार किए। कई बच्चों ने कविताएं सुनाईं और छोटे-छोटे प्रस्तुतीकरण देकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं, जिसने सभी को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती सुमन त्यागी, श्रीमती सुषमा गुप्ता, नीलम चौधरी, प्रबंधक श्रीमती नीतू गुप्ता, प्रधानाचार्य विनीत तोमर, नीलम त्यागी, जूनियर विंग कोआर्डिनेटर रूपा त्यागी, स्कूल कोआर्डिनेटर नवनीत चौधरी आदि मौजूद रहे।

## सड़क किनारे गुलदार दिखने से भय व्याप्त



**चांदपुर ( चिंगारी )।** बीती रात चांदपुर-बास्टा मार्ग पर ग्राम पृथ्वीपुर के पास गुलदार दिखाई देने से लोगों में भय व्याप्त है। कुछ लोग कार से बास्टा की ओर जा रहे थे, तभी उन्हें ग्राम पृथ्वीपुर के पास सड़क किनारे गुलदार दिखाई दिया। गाड़ी में सवार युवकों ने उसकी वीडियो बना ली। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व चांदपुर में मंडी समिति की दीवार पर भी गुलदार बैठा दिखाई दिया था।



## छात्राओं के अपहरण की सूचना से हड़कम्प

**ताजपुर ( चिंगारी )।** तीन स्कूली छात्राओं के अपहरण की संदिग्ध सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। जांच में एक छात्रा के गायब होने का मामला प्रकाश में आया। छात्रा देर शाम सकुशल अपने घर पहुंच गईं। पुलिस जांच में जुटी हुई हैं। जानकारी के अनुसार कस्बे के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा सुबह अपने घर से स्कूल के लिये चली। बस स्टैण्ड पर पीछे से आई एक गाड़ी से उतरे कुछ युवकों ने उसे नशा सुंघाकर गाड़ी में बैठा लिया। छात्रा का कहना हैं कि गाड़ी में और भी कई लड़कियां बैठी थी। शिकारपुर के पास अचानक गाड़ी रुकने पर वह गाड़ी से कूद कर भाग निकली तथा वहां से उसनें अपने घर पर कॉल की। परिजन उसे घर ले आये। पुलिस जांच में जुटी हुई हैं। छात्रा के बयान में विरोधाभास होने पर पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही हैं।

## बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग



**झालू ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने गुरुवार को विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी झालू विद्युत उपकेंद्र पर प्रार्थना-पत्र सौंपकर एक विद्युत कनेक्शन के नामांतरण की मांग उठाई तथा अन्य समस्याओं का भी तुरंत निस्तारण करने की बात कही। ग्राम सुमाल खेड़ी निवासी चेतराम सिंह ने बताया कि उनके पिता के नाम दर्ज विद्युत कनेक्शन उनके नाम दर्ज किया जाना है, जिसको बार-बार टाला जा रहा है। किसान यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि परिवार द्वारा विभाग से कई बार अनुरोध किए जाने के बावजूद अब तक नामांतरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इसके अलावा झालू के बिजली घर पर आयोजित किसान पंचायत में जर्जर लाइनों को ठीक करने, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह ने की और संचालन महासचिव मोहित कुमार ने किया। बैठक में पंचायत के मनीष गालियान, बृजपाल सिंह, अशोक कुमार, समरपाल, विपिन, इकम सिंह, सुशील, राजन, राजीव मारवाड़ी, चंद्रपाल आदि किसान उपस्थित रहे।

# धामपुर के स्क्वैश खिलाड़ी युशा नफीस का अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर के प्रतिभाशाली स्क्वैश खिलाड़ी युशा नफ़ीस का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर की दो महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। युशा नफ़ीस पुत्र नफ़ीस अहमद का चयन 33वीं एशियन जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो 20 से 24 मई 2026 तक पानझीहुआ सिटी (चीन) में आयोजित की जाएगी। इसके अलावा उनका चयन वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए भी हुआ है, जो 20 से 30 जुलाई 2026 तक कनाडा में आयोजित होगी। युशा नफ़ीस वर्तमान में डीपीएस धामपुर के छात्र हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता ने कहा कि युशा की मेहनत और लगन विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। युशा नफ़ीस के पिता नफ़ीस अहमद वर्तमान में धामपुर शुगर मिल्स के डिस्टिलरी प्लांट में कार्यरत हैं और वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय क्रिकेटरों में भी रह चुके हैं। युशा नफ़ीस को उनके कोच मिस्टर ध्रुव धवन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनकी इस उपलब्धि से धामपुर और पूरे जिले में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि वे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर अपने नगर,देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# आपरेशन सिंदूर भारत की राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक : चिदानंद



सेना के जवानों के साथ पौधारोपण करते स्वामी चिदानन्द।

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** परमार्थ निकेतन में ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्ष गांठ के अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने सेना के अदम्य साहस, अद्वितीय पराक्रम, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की राष्ट्रीय चेतना, आत्मसम्मान और आतंकवाद के विरुद्ध अडिग संकल्प का ऐतिहासिक प्रतीक है। स्वामी ने कहा कि एक वर्ष पूर्व पहलगाम में हुआ आतंकी हमला केवल कुछ निर्दोष लोगों पर नहीं था, बल्कि भारत की शांति, हमारी संस्कृति, मानवता और राष्ट्रीय अस्मिता पर किया गया कायराना प्रहार था। आतंकवादियों ने यह समझने की भूल की कि भारत की सहनशीलता उसकी कमजोरी है, परंतु भारतीय सेना ने अपने साहस, अनुशासन और रणनीतिक क्षमता से यह स्पष्ट कर दिया कि नया भारत अन्याय और आतंक को सहन नहीं करता, बल्कि उसका दृढ़ और निर्णायक उत्तर देता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अपनी संप्रभुता, सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के प्रति पूर्णत: सजग, सक्षम और प्रतिबद्ध है।

# 15 मई को बागड़पुर में मनाया जायेगा भाकियू-अ का स्थापना दिवस

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा ग्राम सरकथल माधो में संगठन मंत्री सुरेश कुमार के कार्यालय पर किसान चौपाल की गई, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अजय चौहान ने की तथा संचालन अरविंद राजपूत द्वारा किया गया है। इस अवसर पर 15 मई को बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि एवं भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक का स्थापना दिवस ग्राम बागड़पुर तहसील चांदपुर में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। स्थापना दिवस में ब्लॉक के कार्यकर्ता एवं किसान अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। पंचायत ने जर्जर विद्युत लाइन ठीक कराई जाने, खतौनी में किसानों के अंश निर्धारण ठीक कराए जाने की मांग की तथा चेतावनी दी गई कि ऐसा न होने पर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक आंदोलन को विवश होगी। बैठक में ब्लॉक उपाध्यक्ष भानु प्रताप राणा, ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, अरविंद राजपूत, राजीव कुमार शर्मा, बलवंत सिंह, वीरेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह, सुशील कुमार, सरजीत सिंह, बेगराज सिंह, रणवीर सिंह, ब्रजमोहन शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, रामकुमार सिंह, प्रमोद कुमार, परविंदर कुमार, सुभाष कुमार, बृजेश कुमार, डॉक्टर पुनीत कुमार, जंग बहादुर सिंह, अवनीश कुमार, विजेंद्र सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# फिस्टा केक एंड मोर का भव्य शुभारंभ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जजी रोड पर रीता नर्सिंग होम के समीप स्थित फिस्टा केक एंड मोर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सूर्यमणि रघुवंशी द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतिष्ठान स्वामी प्रवीण गर्ग ने बताया कि हमारे यहां बेकरी एवं कन्फेक्शनरी से संबंधित हर उत्पाद उपलब्ध है। क्वालिटी, सर्विस, क्वांटिटी का विशेष ध्यान रखा है और लोगों को अच्छे से अच्छे प्रोडक्ट बिजनौर निवासियों को उपलब्ध हो सके, इसका विशेष ध्यान रखा गया है। हमारा प्रयास रहेगा कि हम उत्तर रेट पर उत्तम क्वालिटी के प्रोडक्ट उपलब्ध करा सके। हमारे यहां पर पेस्टी पैटीज,डिजाइनर केक, अनेक प्रकार के स्नैक्स उचित रेट पर उपलब्ध है। मुख्य अतिथि सूर्यमणि रघुवंशी ने कहा कि फिस्टा केक एंड मोर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संजीव शर्मा, डॉ. सत्येंद्र शर्मा, आलोक भारद्वाज, मोहित शर्मा, मोहित गुप्ता, अतुल कौशिक, पुलकित गुप्ता, अदिति गुप्ता, रजत गुप्ता, नवीन गर्ग, शिल्पा अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल, मैत्री, अन्य, गर्ग विचित्र अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, नवनीत उपस्थित रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुवार की देर शाम स्योहारा मार्ग स्थित ग्राम सरकड़ा चकराजमल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्योहारा क्षेत्र के ग्राम हसनपुर पालकी निवासी 48 वर्षीय मुनेश्वर सिंह पुत्र स्वर्गीय उमेश चंद गुरुवार की शाम धामपुर से बाइक पर अपने गांव वापस लौट रहे थे जब वह ग्राम सरकड़ा चकराजमल के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई शिवकुमार पुत्र माताराम ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ अभय कुमार पांडे का अनुमान है कि रोडवेज बस की टक्कर से मुनेश्वर की मौत हुई है। बस चालक फरार है। शीघ्र जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



संसद भवन का भ्रमण करने वाले शिक्षक और छात्र।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल के छात्रों ने किया संसद भवन का भ्रमण

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के हाई स्कूल के 50 छात्रों ने चार शिक्षकों के साथ दिल्ली में जाकर संसद भवन का भ्रमण किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक राणा प्रियंकर सिंह, प्रशासिका अदिति सिंह ने संसद भवन जाने वाले छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की विजिट छात्रों के सर्वांगीण विकास में कारगर होती है। प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने कहा कि शिक्षा अध्ययन के साथ-साथ छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जाना आवश्यक है। प्रियंका मॉडर्न स्कूल के शिक्षकों रूपराज सिसोदिया, डीपी सिंह, विवेक कुमार, श्रीमती किरन शर्मा के नेतृत्व में संसद भवन पहुंचे 50 छात्रों ने लोकसभा, राज्यसभा और विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर वहां के बारे में जानकारी प्राप्त की और भारत की संसद और इसकी प्रणाली को देखने का अवसर प्राप्त किया ।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषियों पर की जाये कड़ी कार्रवाई

## इंकाइयों ने राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने जनपद चंपावत में किशोरी से दुष्कर्म की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबध में कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष मीना बछ्वाण के नेतृत्व में तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का विधानसभा क्षेत्र होने के बावजूद यदि वहां भी महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं है, तो प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। आरोप लगाया कि इस प्रकरण में भाजपा के प्रभावशाली लोगों के शामिल होने के कारण निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है तथा पुलिस प्रशासन द्वारा मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी में अपेक्षित तेजी नहीं दिखाई जा रही है। कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं एवं नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, और अधिकतर मामलों में भाजपा के नेताओं की संलिप्तता उजागर हो रही है,जिससे आमजन में भय और आक्रोश का माहौल है। कहा कि महिलाओं की सुरक्षा किसी भी सभ्य समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस प्रकार की जघन्य घटनाएं पूरे समाज को शर्मसार करती हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई न होने पर कांग्रेस आंदोलन पर बाध्य होगी। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रमोहन खर्कवाल, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, महानगर कांग्रेस कमेटी महिला अध्यक्ष सुधा असवाल और बृजपाल सिंह नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# गांवों में शिविर लगवायें, गैस कनेक्शन की केवाईसी करायें

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यमकेश्वर विधान सभा के कई ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस कनेक्शन धारकों की केवाईसी न होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केवाईसी न होने के कारण उन्हें रसोई गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। इस संबध में यमकेश्वर विधान सभा विधायक रेनू बिष्ट ने जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि यमकेश्वर विधान सभा ग्रामीण बहुल है। यहां के कई गांवों के ग्रामीणों को केवाईसी प्रक्रिया की जानकारी नहीं है। जानकारी के अभाव में वे इस प्रक्रिया को पूर्ण करने से वंचित रह गये हैं, ऐसे में उन्हें रसोई गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को संबधित गैस एजेंसियों को विधान सभा के न्याय पंचायत स्तर पर केवाईसी शिविर लगवाने के लिए निर्देशित करने के लिए कहा है।

# निर्धन वृद्धा की आंखों का किया नि:शुल्क आपरेशन




**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर के एक आई स्पेशलिस्ट डॉ. सुफियान ने एक असहाय और निर्धन बुजुर्ग महिला का नि:शुल्क ऑपरेशन कर न सिर्फ डॉक्टर होने का फर्ज अदा किया बल्कि इंसानियत की मिसाल भी कायम की है। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष भट्ट ने बताया कि 66 वर्षीय भागीरथी देवी को दिखना बंद हो गया था उन्होंने कई डॉक्टरों से जांच कराई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। मनीष भट्ट ने डॉक्टर सुफियान से संपर्क कर बुजुर्ग महिला की स्थिति से अवगत कराया। डॉक्टर सुफियान ने जांच कर महिला की आंखों का नि:शुल्क ऑपरेशन कर इंसानियत की मिसाल कायम की है। भागीरथी देवी सब कुछ देख रही है।

# छात्राओं को बाल विवाह से होने वाली हानियों की जानकारी दी

## बाल कल्याण समिति ने स्कूल में किया कार्यक्रम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महिला कल्याण विभाग की जिला बाल कल्याण समिति के तत्वावधान में आर्य कन्या इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में समिति के सदस्य कपिल रतूड़ी ने कहा कि बालिकाओं को किशोर अवस्था में संयमित तरीके से जीवन जीना पड़ता है जिससे सुखद भविष्य की नींव मजबूत होती है।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है इसे सामाजिक संगठनों सहित स्कूलों के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम चला कर ही समाप्त किया जा सकता है। कहा कि आज के सोशल मीडिया के जमाने में छात्राओं को बहुत ही संयमित जीवन जीना होगा जिससे वे बाल अपराध की ओर न बढ़ सकें। इस पर अंकुश लगाने के लिए विद्यालय के अध्यापिकाओं सहित छात्राओं के अभिभावकों को आगे आना होगा। कम उम्र में अथवा बाल उम्र में विवाह करने से शारीरिक नुक़सान के साथ ही मानसिक और भावनात्मक नुक़सान भी होता है जिससे जीवन पतन की ओर चला जाता हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहायक संदीप बिष्ट ने छात्राओं को नि:शुल्क कानूनी सहायता की जानकारी प्रदान की। चाइल्ड हेल्प लाइन की सहायिका शकुंतला नयाल ने छात्राओं को अपने साथ होने वाले दुर्व्यवहार की जानकारी चाइल्ड हेल्प लाइन के नंबर 1098 पर देने की बात कही। जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश चंद्र बिडालिया ने किशोर न्याय बोर्ड के प्राविधानों की जानकारी के साथ छात्राओं को जिलों में बढ़ रहे बाल अपराध की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य रेनू नेगी, सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रही।

# बंगाल में हो रही हिंसा पर पूर्व सैनिकों ने चिंता जताई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। बैठक में वक्ताओं ने बंगाल में हो रही हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए दंगाइयों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। कहा कि चुनाव में हार जीत तो लगी रहती है, ऐसे में किसी भी प्रकार की हिंसा स्वीकार्य नहीं है। सभी लोगों को शांति बनाए रखते हुए सरकार बनाने की प्रक्रिया में साथ देना चाहिए। स्थानीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा गया कि शहर अभी भी अतिक्रमण, पार्किंग, बेसहारा गौ वंश की बढ़ती संख्या व बंदरों व आवारा कुत्तों के झुंड के आतंक से जूझ रहा है। इन सब समस्याओं पर स्थानीय शासन प्रशासन को उचित कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक में जी के बड़थ्वाल, देवेंद्र नेगी, बलवान सिंह रावत, संजय असवाल, वीरेंद्र रावत, दलबीर नेगी और विजय सिंह सहित परिषद से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को खिलाई, कृमिनाशक दवाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार भाबर क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर सिगड्डी में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ध्यानी ने कहा कि एल्बेंडाजोल की गोली छात्रों के शरीर में मौजूद हानिकारक कृमियों को समाप्त करने में सहायक होती है। पेट में कीड़े होने से बच्चों में कमजोरी, भूख कम लगना, थकान, खून की कमी तथा पढ़ाई में ध्यान न लगने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इस दवा के सेवन से बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होता है, साथ ही उनकी शारीरिक और मानसिक वृद्धि के विकास में सहायता मिलती है। विद्यालय परिवार ने इस अभियान को बच्चों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया और सभी विद्यार्थियों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार, दीपक लखेड़ा व राजीव शर्मा आदि शिक्षकों सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आकर्षक कार्यक्रमों के साथ हुई 'एनजीए' के नये सत्र की शुरूआत

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** निर्मल आश्रम ज्ञानदान अकादमी (एनजीए) खैरी कलां, में नवीन शैक्षिक सत्र के उपलक्ष्य में अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह

## अमरीश व सोनम चुने गये स्कूल कप्तान

हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निर्मल आश्रम के संत बाबा जोध सिंह महाराज मुख्य अतिथि कर्नल अक्षय अश्वनी कमांडिंग ऑफिसर, 341 फील्ड रेजिमेंट, रायवाला कैंट, उनकी धर्मपत्नी डॉ. तनिशा शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। छात्राओं ने मूल मंत्र, गायत्री मंत्र एवं गुरबाणी शबद प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता शर्मा ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश




डालते हुए नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं। कोयर ग्रुप द्वारा 'अब जीत नहीं है दूर' गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 12 की छात्रा तन्वी पोखरियाल ने नेतृत्व क्षमता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। वहीं वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक दिनेश पैन्यूली के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अनुशासित परेड मुख्य आकर्षण रही। इस दौरान प्रहलाद, श्रवण, लव और कुश सदन से कुल 44 छात्र प्रतिनिधियों ने शपथ ग्रहण की। विद्यालय के स्कूल कप्तान के रूप में अमरीश शुक्ला (बालक वर्ग) एवं सोनम डोभाल (बालिका वर्ग) को चयनित किया गया। मुख्य अतिथि तथा उनकी धर्मपत्नी ने सभी नव-निर्वाचित कप्तानों एवं सदस्यों को बैज प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर संत श्री जोध सिंह महाराज द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह, सरोपा एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही एनजीए एजुकेशन काउंसलर डॉ. रेनू सूरी ने डॉ. तनिशा शर्मा को शॉल और पुरस्कार भेंट किया। इस अवसर पर चंद्रमोहन पोखरियाल, संजीव चौहान, डॉ. एस.एन. सूरी, सरदार मंजीत सिंह, डॉ. अवतार सिंह शास्त्री, डॉ. अजय शर्मा, बाबू आत्मप्रकाश, डी.पी. रतूड़ी, श्रीमती ललिता कृष्णा स्वामी, नीरू अरोड़ा, सरदार हरमन सिंह, उपासना गुलाटी, डॉ. अवतार कौर सिद्धू सोहन सिंह कैंतुरा, सरवजीत कौर, विनोद बिजलवाण, सरदार गुरजिंदर सिंह, श्रीमती दीपमाला कोठियाल, प्रदीप कुमार, श्रीमती पूजा भारती, रजनी श्रीकोटी, सुनील दत्त पांडे तथा समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन माही शर्मा एवं आकृति सजवाण द्वारा किया गया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# एनर्जी का पावरहाउस जलकुंभी

**वॉटरक्रेस यानी जलकुंभी को सेहत का खजाना माना जाता है। यह सब्जी पोषक तत्वों से भरपूर होती है और कई गंभीर बीमारियों का खतरा कम करने में मदद करती है।**



**एक स्टडी के अनुसार, जलकुंभी को दुनिया की सबसे सेहतमंद सब्जी माना गया है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स और मिनरल्स शरीर को कई लाभ प्रदान करते हैं।**

## जलकुंभी के फायदे

### पुरानी बीमारियों का जोखिम कम

जलकुंभी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाते हैं, जिससे डायबिटीज, हार्ट डिजीज, कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। यह शरीर के अंदर के नुकसान को ठीक करने में मदद करता है और इन्फ्लेमेशन को कम करता है, जिससे पुरानी बीमारियों की संभावना घटती है।

### हड्डियों के लिए फायदेमंद

जलकुंभी में कैल्शियम, पोटेशियम, फास्फोरस और विटामिन च जैसे तत्व होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और हड्डी के टिश्यूज के निर्माण में मदद करते हैं। यह हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने में मदद करता है और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाव करता है।

### कैंसर से सुरक्षा

जलकुंभी में फाइटोकेमिकल्स होते हैं, जो कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं। यह कार्सिनोजेनिक केमिकल्स से लड़ता है और ट्यूमर के विकास को नियंत्रित करता है। इसके नियमित सेवन से कोशिकाओं की रक्षा होती है, जिससे कैंसर के रिस्क को घटाया जा सकता है।

### हृदय स्वास्थ्य में सुधार

जलकुंभी में कैरोटीनॉयड्स और नाइट्रेट्स होते हैं, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने और दिल से जुड़ी बीमारियों जैसे स्ट्रोक और हार्ट अटैक के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, यह रक्त वाहिकाओं की सेहत में सुधार करता है और सूजन को कम करता है,



जिससे दिल की बीमारी का खतरा कम होता है।

### हाइड्रेशन और पाचन

जलकुंभी में 95त्न पानी होता है, जो शरीर को हाइड्रेट करता है। यह पाचन में सुधार करता है और शरीर के तापमान को नियंत्रित करता है, खासकर जब आप ज्यादा तैलीय या मसालेदार खाना खाते हैं। जलकुंभी शरीर में पानी की कमी को पूरा करती है और पेट के स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है।

### साइड इफेक्ट्स

हालांकि जलकुंभी के सेवन के कोई बड़े साइड इफेक्ट्स नहीं होते, लेकिन अत्यधिक सेवन से कुछ लोगों को पेट में हल्की समस्या हो सकती है। इसलिए इसे संतुलित मात्रा में खाना चाहिए, ताकि इसके लाभों का पूरा फायदा मिल सके और किसी प्रकार का असहज महसूस न हो।

### जलकुंभी का सेवन कैसे करें

**वॉटरक्रेस को सलाद, सूप या सैंडविच में आसानी से शामिल किया जा सकता है। इसके सेवन से न सिर्फ शरीर को पोषण मिलता है, बल्कि यह आपकी सेहत को भी बेहतर बनाता है। आप इसे कच्चा खा सकते हैं या हल्का पका कर खाने में शामिल कर सकते हैं, जिससे इसका पोषण पूरी तरह से मिलता है। जलकुंभी को अपनी डाइट में शामिल करके आप अपने स्वास्थ्य को कई गंभीर बीमारियों से बचा सकते हैं और अपनी जीवनशैली को और भी हेल्दी बना सकते हैं।**

---

# नवजात शिशुओं को क्यों हो जाता है पीलिया?



**नवजात शिशुओं में पीलिया (जॉन्डिस) एक आम समस्या है। कई बार जन्म के बाद बच्चों की आंखें पीली दिखाई देती हैं जिसे पीलिया कहा जाता है। पीलिया तब होता है जब बच्चे के शरीर में बिलीरुबिन की मात्रा बढ़ जाती है। आमतौर पर यह समस्या कुछ दिनों में ठीक हो जाती है लेकिन कभी-कभी यह गंभीर रूप भी ले सकती है। इसलिए माता-पिता को इस पर ध्यान रखना जरूरी है।**

## पीलिया होने के कारण

गाजियाबाद के जिला अस्पताल के पीडियाट्रिक विभाग में डॉ. विपिन चंद्र उपाध्याय बताते हैं कि नवजात बच्चों में पीलिया होने के कई कारण हो सकते हैं जिनमें प्रमुख हैं



### लिवर का ठीक से विकसित न होना

जन्म के बाद नवजात का लिवर पूरी तरह से काम नहीं कर पाता है जिससे शरीर में बिलीरुबिन का स्तर बढ़ जाता है और यही पीलिया का कारण बनता है।

### रक्त कोशिकाओं का अधिक टूटना

नवजात शिशुओं में लाल रक्त कोशिकाएं (त्र्ख्य्ष्ट) ज्यादा बनती और टूटती हैं जिसके कारण बिलीरुबिन का स्तर बढ़ जाता है और पीलिया का खतरा होता है।

### ब्लड ग्रुप का अंतर

अगर मां और बच्चे का ब्लड ग्रुप अलग-अलग है तो यह भी पीलिया होने का कारण बन सकता है।

### गर्भ में विकास संबंधी समस्याएं

**गर्भ में बच्चे का संपूर्ण विकास न होना और गर्भवती महिलाओं द्वारा सही आहार न लिया जाना भी पीलिया के कारण बन सकते हैं।**

### पीलिया का खतरा

डॉ. विपिन बताते हैं कि पीलिया सामान्यत: 1-2 हफ्ते में ठीक हो जाता है लेकिन अगर बिलीरुबिन का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ जाए तो यह गंभीर हो सकता है। अत्यधिक बिलीरुबिन से बच्चे के दिमाग पर असर पड़ सकता है जिससे मानसिक विकास रुक सकता है। इसके अलावा यदि पीलिया लंबे समय तक बना रहे तो यह लिवर को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

### पीलिया से बचाव और इलाज

#### 1. ब्रेस्ट फीडिंग

नवजात को बार-बार ब्रेस्ट फीडिंग कराने से पीलिया जल्दी ठीक हो सकता है। यह बच्चे के शरीर से बिलीरुबिन को बाहर निकालने में मदद करता है।

#### 2. डॉक्टर से सलाह

**अगर बच्चे की स्किन या आंखें पीली हो जाएं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। पीलिया के लक्षणों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए।**



//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701